## उत्तर प्रदेश के 9508 स्कूलों में केवल एक शिक्षक, 98592 स्कूलों में बेटियों के लिए शौचालय नहीं : संजय सिंह

# भ्रष्टाचार की टंकियों में बदला जल जीवन मिशन

**आरोप**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भाजपा सरकार पर स्मार्ट मीटर घोटाले, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, महिला अपराधों में लगातार बढ़ोतरी, किसानों की आत्महत्या और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के आंदोलन और जनता के दबाव के कारण सरकार को प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना पर पीछे हटना पड़ा, लेकिन पोस्टपेड स्मार्ट मीटर के जरिए अभी भी जनता को लूटने का काम जारी है। उन्होंने कहा कि देश से प्यार करने वाले हर नागरिक को शिक्षा, लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई में आगे आना होगा क्योंकि भाजपा सरकार जनता के अधिकारों पर लगातार हमला कर रही है।




आप सांसद संजय सिंह ने रविवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ जनता और आम आदमी पार्टी के व्यापक आंदोलन के आगे सरकार को झुकना पड़ा और प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना को वापस लेना पड़ा, लेकिन पोस्टपेड स्मार्ट मीटर के जरिए जनता की लूट अब भी जारी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के गांवों और शहरों में लोग खुद स्मार्ट मीटर उखाड़कर फेंक रहे थे, महिलाओं तक ने सड़कों पर उतरकर विरोध किया। आम आदमी पार्टी ने पूरे प्रदेश में आंदोलन चलाया, कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया, लेकिन जनता और पार्टी के संघर्ष के आगे सरकार को फैसला वापस लेना पड़ा। संजय सिंह ने कहा कि किसी का 600 रुपये का बिजली बिल 3000 रुपये आ रहा है, किसी का 2000 रुपये का बिल 10000 रुपये तक पहुंच रहा है।

**स्मार्ट मीटर की लूट पर जनता और आप के आंदोलन के आगे झुकी सरकार, अब पोस्टपेड स्मार्ट मीटर भी हटाना होगा - संजय सिंह**

### उत्तर प्रदेश में लाखों शिक्षकों के पद खाली पड़े

संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लाखों शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं जबकि बिहार में सरकारी स्कूलों में दो लाख पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने की सुनियोजित साजिश चल रही है। उन्होंने आजमगढ़ समेत कई जिलों का उदाहरण देते हुए कहा कि 524 कंपोजिट विद्यालयों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्मार्ट क्लास शुरू करने का दावा किया गया था, लेकिन आज वे ताले में बंद पड़े हैं और कंप्यूटर धूल खा रहे हैं। भाजपा सरकार को शिक्षा की चिंता नहीं, उसे केवल धर्म, दंगा और नफरत की राजनीति से वोट चाहिए।

### शिक्षा व्यवस्था की भयावह स्थिति उजागर

प्रेस वार्ता में संजय सिंह ने शिक्षा व्यवस्था की भयावह स्थिति उजागर करते हुए कहा कि नीति आयोग और भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 9508 विद्यालय ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक के भरोसे पूरा स्कूल चल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से सवाल पूछा कि क्या एक शिक्षक के भरोसे मिड डे मील, पढ़ाई और पूरे विद्यालय का संचालन संभव है। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं, जिसका अर्थ है कि गांवों की शिक्षा व्यवस्था को जानबूझकर बर्बाद किया जा रहा है।

- महिला अपराध में उत्तर प्रदेश नंबर वन, भाजपा शासित राज्यों में सबसे अधिक महिलाओं पर अत्याचार - संजय सिंह
- ईडी भाजपा का 'सुपारी किलर', विरोधियों को डराकर भाजपा में शामिल कराने का काम कर रही है - संजय सिंह
- रोजगार दो-सामाजिक न्याय दो पदयात्रा 16 मई से मेरठ से गाजियाबाद तक निकलेगी - संजय सिंह

## बेटे से शादी का प्रस्ताव देकर रिटायर्ड इंस्पेक्टर को ठगा

### युवती ने खुद को कंपनी का मालिक बताया

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में रिटायर्ड इंस्पेक्टर साइबर ठगी का शिकार हो गए। आरोप है कि खुद को गुरुग्राम की एक कंपनी की मालिक बताने वाली युवती ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का लालच देकर उनसे करीब 85.45 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस और साइबर सेल से की है।

पीड़ित ने बताया आरोपी महिला खुद को अविवाहित बताकर परिवार से जुड़ी बातें करती थी। उसने उनके बेटे से शादी का प्रस्ताव भी दिया था, जिससे वह उसे परिवार जैसा समझने लगे थे। इसी भरोसे में आकर उन्होंने अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई माध्यमों से कई किस्तों में रकम ट्रांसफर कर दी।

खरगापुर निवासी पीड़ित रिटायर्ड इंस्पेक्टर बद्री नारायण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया 1 अक्टूबर



2025 को उनके मोबाइल पर एक वॉट्सएप नंबर से मैसेज आया। मैसेज भेजने वाली महिला ने अपना नाम दिव्या शर्मा बताया और खुद को गुरुग्राम स्थित अर्वन लेदर लैब कंपनी की मालिक बताया। करीब एक सप्ताह तक लगातार बातचीत के बाद महिला ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा दिया।

आरोप है कि दिव्या शर्मा ने उन्हें deepgtp-india.vip नाम की वेबसाइट पर आईडी बनवाकर ट्रेडिंग शुरू कराई। वेबसाइट पर उनके खाते में लगातार मुनाफा दिखाया जाता था। जिससे उनका भरोसा बढ़ता गया।

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ में महिला ने सुसाइड किया

मोहनलालगंज। लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र के भैरमपुर गांव में रविवार सुबह एक महिला का शव छत पर बने कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। मृतका की पहचान भैरमपुर निवासी प्रिंसी वर्मा (36) पत्नी आनंद कुमार वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रिंसी ने साड़ी के सहारे छत में लगे हुक से फांसी लगाकर आत्महत्या की।

### लखनऊ में मजदूर संगठनों का प्रदर्शन

लखनऊ। लखनऊ में चारबाग रेलवे स्टेशन पर मजदूर संगठनों ने रविवार को प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि बीते दिनों नोएडा में श्रमिकों के प्रदर्शन का समर्थन और उन पर पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ हम इकट्ठा हुए हैं। उनकी तैयारी चारबाग से सीएम आवास तक जाने की थी, लेकिन पुलिस ने उन्हें वहीं रोक लिया। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन से पहले ही उनके नेताओं को गृहजनपदों में नजरबंद कर दिया गया। ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन के बैनर तले विभिन्न श्रमिक संगठनओं ने चारबाग से सीएम आवास तक मार्च निकालने का आह्वान किया था।

### पिगटेल कैथेटर तकनीक से एंजियोग्राफी होगी सुरक्षित

लखनऊ। दिल की बीमारियों में एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी आम प्रक्रियाएं हैं, लेकिन इस दौरान हाथ की नसों का चोटिल होने में चोट (इंजरी) होना आम समस्या रही है। अक्सर गाइड कैथेटर की नुकीली टिप से नसों में रेजर ब्लेड इफेक्ट बनता है, जिससे नस में ऐंठन, चोट, सूजन और ब्लाकेज जैसी जटिलताएं हो सकती हैं।

## इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भव्य शिक्षा एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आज एक भव्य शिक्षा एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सत्येंद्र कुशवाहा, मालिक TV 24 एवं Brain Fra IAS के डायरेक्टर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रिंसिपल, प्रोफेसर, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर और प्रशासनिक सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। मंच से विद्यार्थियों को UPSC, PCS तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही छात्रों को अनुशासन, मेहनत और सही मार्गदर्शन के महत्व के बारे में भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों और शिक्षकों ने



छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षा ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। यदि विद्यार्थी सही दिशा में मेहनत करें तो वे किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं ने वक्ताओं की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और अपने भविष्य को लेकर कई सवाल भी पूछे। इस मौके पर विभिन्न जिलों से आए प्रिंसिपल और प्रोफेसरों ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। युवाओं को सही समय पर सही जानकारी और मार्गदर्शन मिलना बेहद जरूरी है, जिससे वे अपने जीवन में बेहतर निर्णय ले सकें।

## अज्ञात ढंग से लगाये गये 'कटियाबाज' पोस्टर वार के बीच अखिलेश पर ऊर्जा मंत्री का बड़ा हमला

# अखिलेश राज में 'कटियाबाजों' को मिला संरक्षण : एके शर्मा

- अखिलेश सरकार ने पूरे बिजली ईको सिस्टम में 'बबूल' बोने का काम किया
- अखिलेश राज में बिजली माफिया बन गए थे वितरक
- सपा राज में सुनियोजित ढंग से कराई जाती थी बिजली चोरी
- योगी सरकार ने बिजली माफियाओं पर कसा शिकंजा

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश भर में अज्ञात लोगों द्वारा समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को 'कटियाबाज' बताते हुए



लगाए गए पोस्टरों के बीच अब योगी सरकार के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भी सपा पर तीखा हमला बोला है। सपा राज में बिजली व्यवस्था को लेकर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सपा सरकार ने प्रदेश के बिजली तंत्र को पूरी तरह बर्बाद करने का काम किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा शासन में नेताओं, गुंडों और माफियाओं को 'कटिया मारकर बिजली चलाने' का खुला लाइसेंस दे दिया गया था। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में प्रदेश के पूरे बिजली ईको सिस्टम में 'बबूल' बोने का काम किया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने इन भ्रष्ट व्यवस्थाओं को सुधारने का बीड़ा उठाया है। तकनीकी सुधारों और डिजिटल सिस्टम के जरिए मानवीय हस्तक्षेप कम किया गया ताकि भ्रष्टाचार पर रोक लग सके और जनता को राहत मिले।



**एके शर्मा ने सपा सरकार पर बिजली विभाग के कर्मचारियों के भविष्य निधि घोटाले का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ रुपये का पीएफ गलत जगह निवेश कर कर्मचारियों का पैसा डुबाने की कोशिश की गई। यही कारण था कि बिजली कर्मियों में असुरक्षा और भ्रष्टाचार बढ़ा।**

### 'कटियाबाजी' को सपा सरकार में मिला संरक्षण

ऊर्जा मंत्री ने सबसे बड़ा हमला बिजली चोरी को लेकर बोला। उन्होंने कहा कि सपा शासन में नेताओं और उनके करीबी लोगों को कटियाबाजी कर मुफ्त बिजली बांटने की खुली छूट थी। 'हर जगह इनके गुंडे और माफिया बिजली के वितरक बन गए थे। खुद कटियाबाजी करते थे और दूसरों को भी कटियाबाजी करवाते थे।' उन्होंने दावा किया कि संभल और मथुरा समेत कई जिलों में सुनियोजित ढंग से बिजली चोरी कराई जाती थी, लेकिन योगी सरकार ने ऐसे कटियाबाजों पर कड़ी कार्रवाई कर लगाम लगाने का काम किया।

### जर्जर तार और खराब ट्रांसफॉर्मर थे सपा की देन

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सपा सरकार के समय लगाए गए ट्रांसफॉर्मर, तार और खंभे बेहद खराब गुणवत्ता के थे, जो आए दिन फुंक जाते थे। आज भी प्रदेश जिन खराब तारों और जर्जर खंभों की समस्या से जूझ रहा है, वह सपा सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने पिछले वर्षों में बिजली व्यवस्था में बड़े सुधार किए हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को बेहतर बिजली ढांचा देने का काम लगातार जारी है।

## लखनऊ में युवक को नाबालिग चाचा संग मिलकर मारा, सिर कूंचा, चेहरा काटा

# मां के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ा तो मार डाला



**पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चापड़, खून लगी ईंट और अन्य साक्ष्य बरामद कर लिए हैं। मुख्य आरोपी अनिल यादव मॉल में स्वीपर का काम करता है, जबकि उसका साथी नौवीं कक्षा का छात्र है।**

तमसा संकेत, एजेंसी

मोहनलालगंज । लखनऊ में युवक की सिर कूंचकर हत्या मामले में खुलासा हो गया है। पुलिस ने बताया है कि SGPGI में कार्यरत 28 साल के संविदा सफाईकर्मी की हत्या गांव के ही युवक ने अपने नाबालिग चाचा के साथ मिलकर की थी। दोनों उसे शादी में निमंत्रण के बहाने लेकर गए। वहां ज्यादा शराब पिलाकर एक ने चापड़ से हमला कर दिया और दूसरे ने ईंट से सिर कूंच डाला था।

डीसीपी अमित कुमार आनंद ने बताया- शनिवार को अशरफ नगर गांव के पास झील किनारे सूरज (28) का खून से लथपथ शव मिला था। मृतक के भाई शुभम




गौतम की तहरीर पर केस दर्ज कर तीन टीमों को जांच में लगाया गया। पुलिस ने आरोपी अनिल यादव (22) को रसूलपुर इठुरिया नाले की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हत्या में शामिल उसके नाबालिग चाचा को बाल सुधार गृह भेज दिया। मामला बिजनौर थाना क्षेत्र का है। शनिवार दोपहर अशरफ नगर गांव के बाहर झील के किनारे प्लॉट पर युवक का शव मिला। युवक की पहचान सूरज गौतम (28) के रूप में हुई। वह अपने बड़े भाई शुभम और मां केशाना के साथ ननिहाल में रहता था। 15 साल पहले पिता की मौत के बाद ये लोग अपने मूल गांव गोसाईंगंज के पहाड़नगर टिकरिया से यहां चले आए थे।

### पहले से छिपाकर रखा था चापड़

नशा बढ़ने पर अनिल ने पहले से छिपाकर रखा चापड़ निकालकर उसके चेहरे पर वार कर दिया। हमले के बाद सूरज भागने की कोशिश में गिर पड़ा। इसके बाद दोनों आरोपियों ने चापड़ और ईंट से सिर पर लगातार वार किए। तब तक हमला किया, जब तक सूरज की मौत नहीं हो गई।

### मां के साथ आपत्तिजनक हालत में देखा था

पूछताछ में आरोपी अनिल यादव ने बताया कि उसकी मां का सूरज से करीब तीन साल से संबंध चल रहा है। यह बात पूरे गांव में पता है। दो महीने पहले उसने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। परिवार और समाज की बदनामी के डर से वह चुप रहा, लेकिन अंदर ही अंदर गुस्सा बढ़ता गया।

उसने सूरज को घर आने से रोका, फिर भी वह नहीं माना। इसके बाद उसने हत्या की साजिश रची। रिश्ते में चाचा (नाबालिग) के साथ मिलकर सूरज को शादी में चलने का बहाना बनाया। पहले उसे शराब लाने भेजा गया, फिर तीनों गांव के बाहर झील किनारे खाली प्लॉट पर पहुंचे। वहां सूरज को ज्यादा शराब पिलाई गई।

## टोटी चोरी के आरोप में पकड़े गए व्यक्ति की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में रेलवे प्लेटफॉर्म से नल की टोटी चोरी के आरोप में रेलवे सुरक्षा बल (RPF) द्वारा गिरफ्तार किए गए 55 वर्षीय प्रभात कुमार की शनिवार तड़के अस्पताल में मौत हो गई। वह संविदा पर स्टेशन यार्ड में सफाईकर्मी था। परिवार ने मामले की स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग की है। सदर लालकुर्ती, निवासी प्रभात कुमार कन्नौजिया को शुक्रवार शाम करीब 7 बजे गोमतीनगर रेलवे स्टेशन से RPF ने कोच में टोटी चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। परिजनों के अनुसार, गिरफ्तारी के महज 3 घंटे बाद रात 10 बजे हिरासत में ही उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें रात 1 बजे डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया, जहां सुबह 3:30 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। प्रभात की शाम 7 बजे गिरफ्तारी, रात 10 बजे तबीयत


मृतक प्रभात कन्नौजिया

- तबीयत खराब होने पर आरपीएफ ने अस्पताल में कराया था भर्ती, परिजनों ने जांच की मांग की

खराब, रात 1 बजे अस्पताल में भर्ती किया और 3:30 बजे मौत हो गई। परिवार ने फाउल प्ले का आरोप लगाते हुए कहा कि तबीयत बिगड़ने के बाद समय पर चिकित्सा सहायता मिली या नहीं, इसकी गहन जांच होनी चाहिए।

RPF अधिकारियों ने कहा कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मौत का कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा।

**कार्ययोजना : मंत्री कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में यूपी को 'स्किल हब' बनाने की दिशा में बड़ा कदम**

# प्रदेश में लगेगी हुनर की पाठशाला

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यम-शीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी "स्किल हब" बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। मिशन द्वारा राज्य के 13 प्रमुख विभागों को कौशल विकास प्रशिक्षण का प्रस्ताव भेजते हुए आगामी तीन महीनों में बड़े स्तर पर युवाओं को रोजगारपरक एवं उद्योग आधारित प्रशिक्षण से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस महत्वाकांक्षी पहल के तहत शहरी गरीब परिवारों, ग्रामीण युवाओं, महिला स्वयं सहायता समूहों, अल्पसंख्यक समुदाय, निर्माण श्रमिक परिवारों,



सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों तथा कारागारों से जुड़े युवाओं को उनकी रुचि एवं उद्योगों की वर्तमान मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि उन्हें स्वरोजगार एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। इस पहल के अंतर्गत राज्य नगरीय विकास अभिकरण , उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग से जुड़े युवाओं को आधुनिक उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं विभाग के माध्यम से जेलों में निरुद्ध युवाओं को भी कौशल प्रशिक्षण से जोड़कर उनके पुनर्वास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जाएगी। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि UPSDM को राष्ट्रीय स्तर पर NCVET द्वारा 'अवार्डिंग बॉडी' की मान्यता प्राप्त है, जिससे प्रशिक्षण और प्रमाणन की गुणवत्ता सुनिश्चित होती है।

> **मिशन निदेशक पुलकित खरे द्वारा संबंधित विभागों को पत्र जारी कर प्रशिक्षण लक्ष्य एवं कार्ययोजना साझा करने का अनुरोध किया गया है। मिशन मुख्यालय द्वारा जून माह के प्रथम सप्ताह में प्रशिक्षण लक्ष्यों का आवंटन किए जाने की संभावना है। साथ ही सभी विभागों से नोडल अधिकारी नामित करने को कहा गया है, ताकि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को शीघ्र गति से संचालित किया जा सके।**

### विभागीय समन्वय के साथ मिशन मोड में कार्य किया जा रहा

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास को सबसे प्रभावी माध्यम के रूप में आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमशीलता से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक वर्ग तक कौशल प्रशिक्षण की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विभागीय समन्वय के साथ मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है।

# भाजयुमो नेता को ठेकेदार के बेटे ने मारी गोली

## रीढ़ में धंसी, दोनों पैर नहीं कर रहे काम, लखनऊ में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में 30 साल के भाजयुमो नेता चेतन तिवारी को गोली मार दी गई। शनिवार रात उन पर हमला तब हुआ, जब घर के बाहर पत्नी के साथ बैठे थे। हमलावर पैदल आया। अचानक पिस्टल निकाली और उन पर तान दी। फिर ताबड़तोड़ 5 राउंड फायर किए। अचानक हमले से घबराए चेतन ने झुककर बचने की कोशिश की। लेकिन, एक गोली उनकी कमर में लग गई। वह पेट के बल सड़क पर गिर पड़े। हमलावर उनके करीब आया। पिस्टल को कंधे और गर्दन से सटाकर फायर करने लगा। हालांकि, गोलियां मिस हो गईं।

आसपास के लोग बचाने दौड़े, तो हमलावर ने उन पर भी पिस्टल तान दी। अपनी जान बचाने के लिए लोग पीछे हटते रहे। इस बीच हमलावर भाग गया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी और चेतन को KGMU ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।


चेतन तिवारी

डॉक्टरों के अनुसार, रीढ़ की हड्डी में गोली लगी है, जिससे पैर काम नहीं कर रहे हैं। चेतन का हालचाल लेने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के बेटे नीरज सिंह पहुंचे।

### रीढ़ की हड्डी में लगी गोली, हत्या के प्रयास का केस दर्ज

KGMU के डॉक्टरों के अनुसार, चेतन की रीढ़ की हड्डी में गोली लगी है। इससे उनके दोनों पैर सुन्न हो चुके हैं और रिस्पॉन्स नहीं कर रहे। उधर, चेतन की पत्नी मानसी उर्फ श्वेता तिवारी ने बाजार खाला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वैभव उर्फ कौस्तुभ बाजपेई, हर्षित बाजपेई और 4-5 अज्ञात लोगों पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

हिन्दी दैनिक
तमसा संकेत
www.tamsasanket.com
tamsasanketnews24@gmail.com



### जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित हुई लोक अदालत, बैंक और विभागों ने भी लगाए स्टॉल

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1.28 लाख से अधिक मामलों का निस्तारण

**आयोजन**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर । शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद न्यायालय परिसर स्थित सभागार में आयोजित लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रोदय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारियों और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों, राजस्व विभाग, बिजली विभाग और बैंकों से जुड़े मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में कुल 1,28,959 मामलों का समाधान हुआ। इनमें प्री-लिटिगेशन और न्यायालयों में लंबित मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निपटाया गया।



#### राजस्व और विद्युत विभाग के हजारों मामलों का समाधान

लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों के 19,319 मामलों का निस्तारण किया गया। वहीं बिजली विभाग से जुड़े 3,509 मामलों का भी समाधान हुआ। अन्य विभागों के 99,054 मामलों को भी सुलह-समझौते के जरिए निपटाया गया।

#### बैंक और विभागों ने भी लगाए स्टॉल

लोक अदालत में जिला उद्योग विभाग की ओर से 'एक जनपद एक उत्पाद' और 'एक जनपद एक व्यंजन' के तहत स्टॉल लगाए गए। यहां लोगों को जिले के उत्पाद और स्थानीय व्यंजनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक और भारत संचार निगम लिमिटेड समेत कई संस्थानों ने स्टॉल लगाकर मामलों का निस्तारण किया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा यादव ने सबसे अधिक 3160 मामलों का निस्तारण किया। इनमें मोटर वाहन अधिनियम, चालानी और फौजदारी मामलों से जुड़े वाद शामिल रहे। इसके अलावा विभिन्न न्यायालयों और ग्राम न्यायालयों में भी बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया।

बैंकों से जुड़े 458 मामलों में 3 करोड़ 40 लाख 9 हजार 130 रुपये का समझौता हुआ। इनमें से 1 करोड़ 11 लाख 46 हजार 300 रुपये की तत्काल वसूली भी की गई।



#### 26 अदालतों में हुआ मामलों का निस्तारण

राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए कुल 26 अदालतों का गठन किया गया था। जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार ने तीन मामलों का निस्तारण किया। वहीं स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष अब्दुल कैय्यूम ने एक मामला निपटाया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय राजेश भारद्वाज ने आठ वैवाहिक और पारिवारिक मामलों का निस्तारण किया। विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी अधिनियम पवन कुमार शुक्ला ने दो मामलों का समाधान कराया।

# महिला ने पड़ोसियों पर बेटी पर हमले और धमकी के गंभीर आरोप लगाए

### पड़ोसियों पर गंभीर आरोपों के साथ शिकायत दर्ज

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । अकबरपुर क्षेत्र में एक महिला ने अपने पड़ोसियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। महिला का कहना है कि पड़ोसियों ने उसकी बेटी पर हमला किया और उसके साथ गलत उद्देश्य से दबाव बनाने की कोशिश की। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है।

महिला ने शिकायत में बताया कि वह अपने पुस्तैनी मकान में बच्चों के साथ रहती है। घटना के समय उसकी बेटी घर पर अकेली थी। इसी दौरान पड़ोसियों पर आरोप है कि उन्होंने घर में घुसकर उसकी बेटी पर हमला किया और उसके साथ अनुचित व्यवहार करने का प्रयास किया। महिला का दावा है कि बेटी किसी तरह वहां से बचकर कमरे में पहुंची और अपनी जान बचाई।





शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि हमलावरों ने बेटी को आग से नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। महिला का कहना है कि समय रहते बेटी वहां से निकल गई, जिससे बड़ी घटना टल गई। महिला ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी की शादी तय हो चुकी है। इसी बात को लेकर पड़ोसियों से पुराना विवाद चल रहा था। महिला के अनुसार, आरोपियों को इसी कारण आपत्ति थी और वे शादी तोड़ने की नीयत से दबाव बना रहे थे। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपियों ने गाली-गलौज की और परिवार के लोगों को धमकियां दीं।

महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उसके बेटे कृष्णा को जान से मारने की धमकी भी दी है। इस पूरे घटनाक्रम से परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़िता पक्ष ने सुरक्षा की मांग की है। इस मामले पर थानाध्यक्ष श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। आरोपों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस टीम को जांच में लगाया गया है।

**फास्ट न्यूज**

## बसखारी पुलिस ने गुमशुदा महिला को बच्चे सहित सकुशल बरामद किया

अंबेडकरनगर। बसखारी थाना क्षेत्र से लापता महिला को पुलिस ने बच्चे सहित सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने महिला को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। थाना बसखारी में दर्ज गुमशुदगी के मामले में पुलिस टीम ने सर्विलांस सेल और परिजनों की मदद से कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, रुद्रपुर भगाही गांव निवासी साजिदा खातून पत्नी मजीबुल्लाह, उम्र करीब 27 वर्ष, अचानक घर से चली गई थीं।

## फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने चयनित जूनियर ड्रग एनालिस्ट का किया सम्मान

अंबेडकरनगर । रविवार को अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संगठन के उन सदस्यों के लिए किया गया, जिनका चयन जूनियर ड्रग एनालिस्ट पद पर हुआ है।

समारोह में राम अनुज, सुरेंद्र राणा और राकेश कुमार वर्मा को उनके चयन पर सम्मानित किया गया। सभी चयनित सदस्यों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि के पिता का निधन

जलालपुर नगर । मोहल्ला छाछू निवासी भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि के पिता और समाजसेवी दामोदर दास अग्रहरि का रविवार भोर में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे।परिजनों के अनुसार, दामोदर दास अग्रहरि ने रविवार सुबह अंतिम सांस ली। निधन की सूचना मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। इसके बाद उनका अंतिम संस्कार बालाघाट स्थित श्मशान घाट पर किया गया।

# ईंट-भट्ठे के पास दीवार गिरने से सात वर्षीय बच्चे की मौत

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जिले के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के औसानपुर गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया। यहां एक ईंट-भट्ठे के पास बनी दीवार गिरने से सात वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब बच्चा घर के पास खेल रहा था। अचानक दीवार भरभराकर गिर गई और बच्चा उसकी चपेट में आ गया। मृतक बच्चे की पहचान गोंडा जिले के मौजा पठार निवासी इरफान के सात वर्षीय पुत्र नेहाल के रूप में हुई है। इरफान इब्राहिमपुर क्षेत्र के एक मॉडर्न ईंट-भट्ठे पर मजदूरी का काम करता है। परिवार भट्ठे के पास ही अस्थायी रूप से रह रहा था। बच्चा रोज की तरह रविवार सुबह घर के बाहर खेल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बच्चा भट्ठे के पास बने आवासीय क्षेत्र में खेल रहा था। इसी दौरान पास की एक पुरानी दीवार अचानक गिर गई। मलबे के नीचे दबने से नेहाल



गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बच्चे को मलबे से बाहर निकाला। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चे को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। यह भी देखा जा रहा है कि दीवार की स्थिति और निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही तो नहीं थी।

# डॉक्टरों और पैरामेडिक्स को दी गई नवजात पुनर्जीवन तकनीक की ट्रेनिंग

### नवजात शिशुओं को बचाने पर फोकस, मेडिकल कॉलेज में बीएनआरपी कार्यशाला आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । नवजात शिशुओं में जन्म के समय होने वाली सांस संबंधी समस्या 'बर्थ एस्फिक्सिया' से होने वाली मृत्यु और मस्तिष्क क्षति को कम करने के उद्देश्य से रविवार को बेसिक नियोनेटल रिससिटेशन प्रोग्राम (bNRP) पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम (NNF) के तहत किया गया।

महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य के निर्देशन में बाल रोग विभाग की ओर से केंद्रीय पुस्तकालय स्थित स्किल लैब में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यशाला दो पालियों में संचालित की गई। पहली पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 6



बजे तक चली। कार्यशाला में नवजात शिशु के जन्म के बाद पहले एक मिनट यानी 'गोल्डन मिनट' के महत्व पर विशेष चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि इस दौरान सही तरीके से उपचार मिलने पर नवजात में मस्तिष्क क्षति और मृत्यु के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले की प्रसव इकाइयों पर कार्यरत डॉक्टरों और पैरामेडिक्स को नवजात पुनर्जीवन तकनीक में दक्ष बनाना रहा, ताकि जन्म के समय सांस न लेने वाले शिशुओं को तत्काल उपचार दिया जा सके। कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज के 40 डॉक्टर और पैरामेडिक्स ने हिस्सा लिया। इसके अलावा जिले की विभिन्न प्रसव इकाइयों से 50 डॉक्टर और पैरामेडिक्स भी प्रशिक्षण में शामिल हुए।

प्रशिक्षण सत्र में बाल रोग विशेषज्ञ आचार्य डॉ. विजय यादव, सह आचार्य डॉ. अतुल कुमार मिश्रा, सहायक आचार्य डॉ. अमित गुप्ता और स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ सह आचार्य डॉ. प्रिया सिंह ने प्रतिभागियों को नवजात पुनर्जीवन से जुड़ी तकनीकी जानकारी दी। विशेषज्ञों ने नवजात की आपात स्थिति में तत्काल उपचार, सांस बहाल करने की प्रक्रिया और प्राथमिक देखभाल के तरीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया।

# 'छूटे हुए पत्रकारों को जोड़ने के बाद ही कराया जाए चुनाव'

### प्रेस क्लब चुनाव 2026 से पहले बड़ी मांग

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । प्रेस क्लब के चुनाव 2026 को लेकर जिले में हलचल तेज हो गई है। चुनाव से पहले अब सदस्यता सूची को लेकर विवाद सामने आया है। कई पत्रकारों और ब्यूरो चीफ ने चुनाव संचालन समिति से मांग की है कि जिन सक्रिय पत्रकारों के नाम सूची में शामिल नहीं हैं, उन्हें पहले जोड़ा जाए। इसके बाद ही चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। पत्रकारों का कहना है कि जिले में लंबे समय से काम कर रहे कई मीडिया कर्मियों के नाम सदस्यता सूची में नहीं हैं। ऐसे में यदि चुनाव कराया जाता है तो निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल उठ सकते हैं। पत्रकारों ने साफ कहा कि सभी पात्र पत्रकारों को मतदान का अधिकार मिलना चाहिए। जनपद के वरिष्ठ पत्रकार बृजेन्द्र वीर सिंह ने चुनाव संचालन समिति से मांग की है कि जिले के सभी छूटे हुए



पत्रकारों और ब्यूरो चीफ का नाम पहले सदस्यता सूची में शामिल किया जाए। इसके बाद ही चुनाव प्रक्रिया कराई जाए। बृजेन्द्र वीर सिंह का कहना है कि प्रेस क्लब पत्रकारों का साझा मंच है। ऐसे में किसी भी सक्रिय पत्रकार का नाम सूची से बाहर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र पत्रकारों को मतदान का अधिकार मिलना जरूरी है, तभी चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी माना जाएगा। उन्होंने चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष सर्वजीत त्रिपाठी और समिति के अन्य सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि सदस्यता सूची का पुनरीक्षण कराया जाए।

### बिना आईडी कमरा देने पर होगी कार्रवाई, सीसीटीवी लगाने के निर्देश

# किछौछा दरगाह क्षेत्र में गेस्ट हाउसों पर प्रशासन सख्त

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । किछौछा दरगाह क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। किराए पर कमरे देने वाले गेस्ट हाउस और मकान संचालकों को अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। बिना पहचान पत्र या जरूरी दस्तावेज के किसी भी यात्री और जायरीन को कमरा देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

शनिवार शाम किछौछा नगर पंचायत कार्यालय में प्रशासन की ओर से बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम टांडा डॉ. शशि शेखर ने की। इस दौरान सीओ सिटी नितीश तिवारी और प्रशिक्षु आईएएस थनीगईयरसन टी भी मौजूद रहे। बैठक में बड़ी संख्या में गेस्ट हाउस संचालक, स्थानीय



लोग और दरगाह क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में एसडीएम टांडा ने कहा कि सभी गेस्ट हाउस, किराए के प्रतिष्ठान और आवासीय व्यवस्थाओं का पंजीकरण कराना जरूरी है। उन्होंने बताया कि एक से छह कमरों तक के प्रतिष्ठानों का पंजीकरण उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति 2025 के तहत कराया जाएगा। वहीं छह से अधिक कमरों वाले प्रतिष्ठानों का पंजीकरण सराय अधिनियम 1867 के तहत होगा। प्रशासन ने संचालकों को पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए समय से सभी औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

#### संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर पुलिस को सूचना देने के निर्देश

सीओ सिटी नितीश तिवारी ने बैठक में कहा कि बिना पहचान पत्र किसी भी व्यक्ति को कमरा नहीं दिया जाए। यात्रियों के पहचान पत्र और जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है या किसी गतिविधि पर संदेह होता है तो इसकी तत्काल सूचना पुलिस और प्रशासन को दी जाए। इससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सकेगा।

#### सभी गेस्ट हाउसों में सीसीटीवी लगाने के निर्देश

बैठक में प्रशासन ने दरगाह क्षेत्र के सभी गेस्ट हाउसों और किराए वाले प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने कहा कि निगरानी व्यवस्था मजबूत होने से सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी।

बैठक में नगर पंचायत किछौछा के अधिशासी अधिकारी संजय जैसवार, सैयद अजीज अशरफ, एडवोकेट अब्दुल रसीद, फैजान खान, एडवोकेट दबीर अहमद, लल्लू खादिम, सईद मुजाविर, लल्लन, इजहार समेत बड़ी संख्या में गेस्ट हाउस संचालक और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# स्कूली वाहनों की सघन जांच, 35 वाहनों का चालान

### बच्चों की सुरक्षा को लेकर चार दिवसीय अभियान, फिटनेस और दस्तावेजों की हुई जांच

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया। शनिवार को जिले के विभिन्न स्कूलों के वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान नियमों में खामियां मिलने पर 35 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में 6 मई से 9 मई तक चार दिवसीय स्कूली वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना है। शनिवार को क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रभारी यातायात और



एआरटीओ की संयुक्त टीम ने कई स्कूलों के वाहनों की जांच की। इस दौरान आरबी इंटर कॉलेज, सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आरकेएन पब्लिक स्कूल, जेनियम कॉन्वेंट स्कूल, रजत पब्लिक स्कूल, शिव पब्लिक स्कूल, आरके पैसिफिक कॉलेज, भानमती स्मारक महाविद्यालय, डीवाइन पब्लिक स्कूल, गंगा चिल्ड्रेन एकेडमी, सूर्य केसरी पब्लिक स्कूल, साधना पब्लिक स्कूल और लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल समेत कई शिक्षण संस्थानों के वाहन चेक किए गए।

जांच के दौरान वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस और सुरक्षा मानकों की पड़ताल की गई। साथ ही फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र और स्पीड गवर्नर की उपलब्धता भी जांची गई।

**अधिकारियों के अनुसार, 35 वाहनों में विभिन्न प्रकार की कमियां पाई गईं। इसके बाद संबंधित वाहन संचालकों के खिलाफ नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही उन्हें भविष्य में सभी मानकों का पालन करने की चेतावनी भी दी गई।**

# गेहूं खरीद केंद्र पर रिश्वतखोरी के आरोप

### किसानों से प्रति क्विंटल 70 से 100 रुपये लेने की शिकायत

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। मंडी समिति परिसर स्थित गेहूं खरीद केंद्र पर किसानों से रिश्वत लेने के आरोप सामने आए हैं। किसानों का कहना है कि एफसीआई से जुड़े खरीद केंद्र पर गेहूं की तौल कराने के लिए प्रति क्विंटल 70 से 100 रुपये तक की मांग की जा रही है।

किसानों के अनुसार, बिना पैसे दिए उनकी फसल की तौल में देरी की जाती है। कई बार घंटों इंतजार कराया जाता है और अलग-अलग कारण बताकर प्रक्रिया रोक दी जाती है। किसानों का आरोप है कि रिश्वत देने के बाद ही तौल और खरीद की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जाती है।

कई किसानों ने नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर बताया कि तौल के दौरान कम वजन दिखाने और अन्य तकनीकी कारणों का



हवाला देकर दबाव बनाया जाता है। किसानों का कहना है कि सरकारी खरीद केंद्र पर सुविधाएं मिलने के बजाय उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है।

इस बार जिले में गेहूं की अच्छी पैदावार हुई है। बड़ी संख्या में किसान सरकारी समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए खरीद केंद्र पहुंच रहे हैं। हालांकि, रिश्वतखोरी के आरोपों के चलते कई किसान निजी व्यापारियों को कम दाम पर फसल बेचने को मजबूर हो रहे हैं।

खरीद केंद्र पर बढ़ती शिकायतों से सरकारी खरीद व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।


### आरोप : गर्मी में बेहाल गौवंश, चारा, पानी और साफ-सफाई की कमी से बढ़ी परेशानी

# बरामदपुर लोहारा गौशाला की बदहाल व्यवस्था

**मांग**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । कटेहरी ब्लॉक स्थित बरामदपुर लोहारा गौशाला की व्यवस्था इन दिनों सवालों के घेरे में है। गौशाला में रखे गए गौवंशों को पर्याप्त चारा और पानी नहीं मिलने का आरोप लग रहा है। वहीं परिसर में फैली गंदगी और अव्यवस्था से पशुओं की हालत लगातार खराब होती दिखाई दे रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, गौशाला में कई गौवंश बीमार हालत में खुले में पड़े रहते हैं। समय पर उपचार और देखरेख नहीं मिलने से उनकी परेशानी बढ़ रही है। भीषण गर्मी के बीच पानी की समुचित व्यवस्था न होने से पशुओं को काफी दिक्कतों का सामना



करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गौशाला परिसर में साफ-सफाई की स्थिति भी बेहद खराब है। जगह-जगह गंदगी फैली हुई है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से गौशाला की व्यवस्था में सुधार कराने, नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने और गौवंशों के लिए पर्याप्त चारा-पानी उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग उठाई है। क्षेत्र में गौशाला की स्थिति को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

#### कर्मचारियों की उपस्थिति पर भी उठे सवाल

ग्रामीणों ने गौशाला में तैनात कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कई बार गौशाला में कोई जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद नहीं मिलता। इससे गौवंशों की देखभाल प्रभावित हो रही है। लोगों का आरोप है कि शासन स्तर पर गौवंशों की देखरेख और सुविधाओं के लिए लगातार निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्था ठीक नहीं दिख रही है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## डॉ. आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत स्मारकों का संरक्षण और सौंदर्यीकरण शुरू

### जिले में महापुरुषों की प्रतिमाओं के संरक्षण की प्रक्रिया तेज

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले में महापुरुषों और समाज सुधारकों की प्रतिमाओं के संरक्षण और सौंदर्यीकरण की दिशा में कार्य शुरू हो गया है। डॉ. भीमराव आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत जिले में स्थित स्मारकों और प्रतिमा स्थलों को विकसित किया जाएगा। इसके लिए चिह्नीकरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

योजना के तहत प्रत्येक चयनित स्मारक पर अधिकतम 10 लाख रुपये तक की धनराशि खर्च की जाएगी। इस राशि का उपयोग प्रतिमा स्थलों के सुधार, सुरक्षा व्यवस्था और सौंदर्यीकरण कार्यों में किया जाएगा। उद्देश्य है कि सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित प्रतिमाओं को बेहतर संरचना और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

शासन के निर्देश के अनुसार 31 दिसंबर 2025 तक स्थापित दिवंगत



महापुरुषों और समाज सुधारकों की प्रतिमाओं को इस योजना में शामिल किया जाएगा। इन सभी स्थलों को सूचीबद्ध कर उनके संरक्षण और विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। योजना में स्पष्ट किया गया है कि प्रतिमा स्थलों को अतिक्रमण से मुक्त रखा जाएगा। साथ ही, मूर्तियों को मौसम के प्रभाव जैसे बारिश, धूप और धूल से बचाने के लिए छत्र या अन्य संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इससे प्रतिमाओं की दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

# सम्पादकीय

## तमिलनाडु में विजय




बंगाल में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण के बाद अब प्रतीक्षा है अप्रत्याशित चुनाव परिणाम वाले दूसरे राज्य तमिलनाडु में सरकार गठन की। चूंकि टीवीके नेता जोसेफ विजय ने डीएमके से छिटकने वाली कांग्रेस, माकपा, भाकपा, वीसीके और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के सहयोग से समर्थन जुटा लिया है, इसलिए उनके मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने में संदेह नहीं। विजय का अभिनेता से नेता बनकर एक तरह से आनन-फानन मुख्यमंत्री पद तक पहुंचना किसी चमत्कार से कम नहीं। उन्होंने दो वर्ष पूर्व अपने दल का गठन किया और पहले ही प्रयास में सत्ता की कुर्सी तक पहुंच गए। उनकी जीत यह बताती है कि तमिलनाडु में फिल्म कलाकारों के प्रति लोगों की एक अलग तरह की दीवानगी रहती है। इसी के चलते करुणानिधि और एमजीआर से लेकर जयललिता जैसी फिल्मी हस्तियों ने राजनीति में अपनी छाप छोड़ी। फिलहाल यह कहना कठिन है कि विजय मुख्यमंत्री के रूप में कैसी राजनीतिक छाप छोड़ते हैं, क्योंकि उन्हें प्रशासन चलाने का कोई अनुभव नहीं। उनकी सरकार पांच दलों के सहयोग पर टिकी होगी, इसलिए एक अभिनेता के रूप में तमाम लोकप्रियता के बाद भी उनके लिए शासन चलाना बहुत आसान नहीं होगा। यह ठीक है कि तमिलनाडु अपेक्षाकृत एक समृद्ध राज्य है, लेकिन विजय ने जिस तरह थोक के भाव लोक-लुभावन वादे कर रखे हैं, उसे देखते हुए उनके लिए उन्हें पूरा करना आसान नहीं होगा। आखिर आर्थिक दृष्टि से सक्षम तमिलनाडु में नेताओं को इतने अधिक लोक-लुभावन वादे क्यों करने पड़ते हैं? इस प्रश्न के उत्तर में यही अधिक दिखता है कि राज्य का एक तबका अभी भी निर्धनता की परिधि में ही बना हुआ है। यह एक विसंगति ही है। इसमें संदेह है कि रेवड़ियां बांटकर निर्धनता को दूर किया जा सकता है। विजय के मामले में यह भी देखना होगा कि वे द्रविड़ दलों की तरह से ही अपनी राजनीति चलाते हैं या फिर कोई नई राह पकड़ते हैं? द्रविड़ पार्टियों के बारे में यह किसी से छिपा नहीं कि वे हिंदी विरोध के साथ दिल्ली यानी केंद्रीय सत्ता से टकराव मोल लेने की राजनीति करती रही हैं और तमिल अस्मिता के नाम पर तमिलवाद को इस तरह उभारने की भी कोशिश करती रहीं, जैसे यह राज्य शेष देश से विशिष्ट हो। इस तमिलवाद में क्षत्रीय संकीर्णता के साथ प्रायः एक तरह के अलगाववाद की भी बू आती रही है। फिलहाल यह जानना कठिन है कि ईसाइयत को मानने वाले जोसेफ और उनके राजनीतिक दल की विचारधारा क्या है? क्या यह अजीब नहीं कि वे भाजपा को तो धार्मिक पार्टी मानते हैं, लेकिन मुस्लिम लीग को नहीं? वास्तव में विजय को लेकर एक नहीं कई सवाल हैं। इनमें से एक यह भी है कि कहीं उनके सत्ता में आने से ईसाई मिशनरियों का मतांतरण अभियान और तेज तो नहीं हो जाएगा?

# आसान नहीं होगी शुभेंदु अधिकारी की राह

> बीजेपी सरकार के आगे सबसे बड़ी चुनौती कानून-व्यवस्था को ठीक से लागू करने की होगी। बंगाल में चुनाव से पहले और चुनाव के बाद हिंसा का इतिहास रहा है। अभी भी 4 दिन पहले शुभेंदु अधिकारी के पी की हत्या कर दी गई।



पश्चिम बंगाल की सियासत में एक नया अध्याय जुड़ गया। शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। वह राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं।

बीजेपी पहली बार सत्ता में आई है। देखा जाए तो शुभेंदु की राह इतनी आसान नहीं होगी। उनके सामने असली पांच चुनौतियां होंगी। बंगाल चुनाव में परिवर्तन का दावा कर सत्ता में आई बीजेपी के पास अब परफॉर्मेंस का दबाव होगा। केंद्र और राज्य, दोनों में एक ही राजनीतिक गठबंधन की सरकार होने से, इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारने, निवेश आकर्षित करने और रोज़गार पैदा करने का एक मौका है लेकिन उम्मीदें बहुत ज्यादा हैं। खास बात है कि बंगाल में सबसे बड़ा मुद्दा कानून-व्यवस्था का है, इसे लागू करना सबसे बड़ी टेढ़ी खीर होगा।

पश्चिम बंगाल की आबादी लगभग दस करोड़ से ज्यादा है। बंगाल में लगभग छह करोड़ वोटर हैं। 2021 विधानसभा चुनाव की बात करें तो BJP को 28.9 प्रतिशत वोट मिले थे। टीएमसी ने 55 प्रतिशत से ज़्यादा वोटों के साथ आसानी से जीत हासिल की थी। इस बार, बीजेपी का वोट शेयर बढ़कर 45.84 प्रतिशत हो गया जबकि टीएमसी का वोट शेयर गिरकर 40.80 प्रतिशत रह गया। अब बीजेपी को जिन 45.84 फीसदी बंगाल के लोगों ने चुना है उनकी शुभेंदु अधिकारी से बड़ी-बड़ी अपेक्षाएं हैं।

लगातार बीजेपी नेताओं को निशाने पर लिया गया। बंगाल में हत्या की वारदात आम हो गई है। रेप और महिला अपराध को लेकर बंगाल पहले से ही निशाने पर रहा है। ममता बनर्जी सरकार पर लॉ एंड ऑर्डर ठीक से लागू न करने के आरोप लगते रहे हैं। पश्चिम बंगाल का राजनीतिक हिंसा का इतिहास काफ़ी पुराना रहा है। आगज़नी, पार्टी कार्यकर्ताओं पर हमले और डराने-धमकाने जैसी घटनाएं बार-बार सामने आती रही हैं। नई सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी घटनाएं अब और न हों। पार्टी के भीतर इस संबंध में एक कड़ा संदेश पहले ही दे दिया गया है लेकिन इसका ज़मीनी स्तर पर पालन करवाना ही सबसे बड़ी चुनौती होगी।

बीजेपी के वादों में पुरानी और मज़बूत 'सिंडिकेट व्यवस्था' को खत्म करना, 'सिंगल-विंडो क्लीयरेंस सिस्टम' शुरू करना, और बंदरगाहों के ज़रिए विकास तथा 'ब्लू इकॉनमी' को बढ़ावा देना शामिल था। आधुनिक स्टील प्लांट बनाना, औद्योगिक पार्क स्थापित करना (जिसमें सिंगूर भी शामिल है), और पूरे राज्य में कई औद्योगिक ज़ोन बनाना भी इन वादों का हिस्सा था। हालांकि, कुछ इंफ्रास्ट्रक्चर चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं, खासकर ज़मीन अधिग्रहण को लेकर। बंगाल में ज्यादा आबादी घनत्व और ज़मीन के छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटे होने की वजह से, जमीन के बड़े-बड़े हिस्से हासिल करना अब भी एक संवेदनशील और जटिल काम है।

पश्चिम बंगाल में मुस्लिम आबादी लगभग 33% है। हाल ही में हिंदू वोटों का एक साथ आना और घुसपैठियों को लेकर चल रही बयानबाजी से संभावित सांप्रदायिक तनाव की आशंकाएं बढ़ गई हैं। इस बात का डर है कि भविष्य में असम की तरह नागरिकता सत्यापन जैसे मुद्दे यहां भी उठ सकते हैं। अगर इन मुद्दों को ठीक से नहीं संभाला गया, तो कानून-व्यवस्था की समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। हालांकि बीजेपी के घोषणा पत्र जारी करते हुए अमित शाह ने कहा था कि बीजेपी सरकार आई तो बंगाल में अवैध घुसपैठ रोकी जाएगी। बांग्लादेश बॉर्डर पर बाड़ लगाई जाएगी ताकि अवैध घुसपैठ पर रोक लगाई जा सके। भारत- बांग्लादेशकी 4096 किलोमीटर का बॉर्डर शेयर करता है। इसमें पश्चिम बंगाल में 2216.7 किमी एरिया आता है। पूरी तरह से खुले इतने बड़े एरिया की फेंसिंग करना आसान नहीं होगा।

बीजेपी ने अक्सर बंगाल में उद्योगों के पतन की आलोचना की है। अब उसे अपने वादे को पूरा करके दिखाना होगा। केंद्र और राज्य, दोनों जगहों पर एक ही राजनीतिक दल की सरकार होने से, बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, निवेश आकर्षित करने और रोज़गार के अवसर पैदा करने का एक सुनहरा मौका मिला है। लेकिन लोगों की उम्मीदें बहुत ज़्यादा हैं, और सरकार के नतीजों पर सबकी पैनी नज़र रहेगी। प्रधानमंत्री ने संकेत दिया है कि पहली कैबिनेट बैठक में ही 'आयुष्मान भारत योजना' को मंज़ूरी दे दी जाएगी। इस योजना को राज्य की मौजूदा योजनाओं, जैसे 'स्वास्थ्य साथी', के साथ प्रभावी ढंग से जोड़ना बेहद ज़रूरी होगा। केवल घोषणा कर देना ही काफी नहीं होगा। इसका सही ढंग से क्रियान्वयन ही सरकार की विश्वसनीयता तय करेगा। प्रशासनिक कमियों को दूर करना और एक ऐसी नौकरशाही तैयार करना जो विकास कार्यों को समर्पित हो, बेहद ज़रूरी है। कैबिनेट के गठन में सदस्यों की योग्यता और उनके उद्देश्यों की स्पष्टता साफ़ तौर पर झलकनी चाहिए।

इसके अलावा, एक और बेहद ज़रूरी मुद्दा है राज्य सरकार के कर्मचारियों का रुका हुआ 'महंगाई भत्ता' पिछली सरकार इन मांगों को पूरी तरह से पूरा करने में नाकाम रही थी, और BJP ने वादा किया था कि वह सत्ता में आने पर इन मुद्दों को ज़रूर सुलझाएगी। हालांकि, मौजूदा वित्तीय बाधाओं को देखते हुए, इस वादे को पूरा करना एक बड़ी चुनौती होगी। सवाल अब भी यही है कि सरकार अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करते हुए वित्तीय बोझ को कैसे संभालेगी? बंगाल में बीजेपी ने तमाम ऐसे वादे किए हैं जिससे राज्य पर वित्तीय बोझ काफी बढ़ जाएगा।

नई सरकार के सामने सबसे बड़ी और जटिल चुनौती 'सिंडिकेट' और 'कट मनी' की पुरानी समस्या को खत्म करना है। राज्य में लंबे समय से विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। इसके अलावा, 'कट मनी' यानी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के बदले होने वाली अवैध वसूली ने आम जनता को परेशान कर रखा है। गरीब लोगों तक पहुंचने वाली आर्थिक मदद का एक हिस्सा बिचौलिए डकार जाते हैं। इस कमीशनखोरी के कारण राज्य में विकास की रफ्तार धीमी पड़ गई है और सरकारी खजाने को भी भारी नुकसान होता है। भाजपा ने चुनाव के दौरान इस भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने का वादा किया था। शुभेंदु सरकार के लिए इस समस्या का समाधान करना एक बड़ी परीक्षा होगी। अब यह देखना होगा कि नई सरकार इस समस्या से कैसे पार पाती है। नए मुख्यमंत्री के कंधों पर कई बड़े वादे को सच कर दिखाने की भारी जिम्मेदारी है।

**संजय सिन्हा**

## ममता बनर्जी जब भाजपा...

वीरेन्द्र सिंह परिहार

# यह सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं

04 मई को यद्यपि पाँच राज्यों के चुनाव परिणाम घोषित हुये पर उसमें चर्चा के केन्द्र में पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजे ही रहे। गौर करने की बात यह कि ऐसा क्यों ? 2014 के लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद जब एन.डी.ए. को पूर्ण बहुमत मिला तथा नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तो लंदन के सुप्रसिद्ध समाचार पत्र 'दा गार्जियन' ने एक लेख में यह लिखा था कि 15 अगस्त 1947 में भारत को मात्र राजनीतिक स्वतंत्रता हासिल हुई थी परन्तु अब भाजपा के केन्द्र में बहुमत में आने से और मोदी के प्रधानमंत्री बनने से देश पहली बार सांस्कृतिक रूप से स्वतंत्र हुआ है। असलियत तो यही कि 1947 के बाद भी देश में काले अंग्रेज ही शासन कर रहे थे, जहाँ हिन्दू शब्द, हिन्दू जीवन-मूल्य सभी कुछ सम्प्रदायिकता, संकीर्णता और पिछड़ापन के पर्याय माने जाते थे और मुसलमान देश में एक विशेषाधिकार सम्पन्न समुदाय माना जाता था। अब 'द गार्जियन' के अनुसार मई 2014 में देश सांस्कृतिक रूप से भले ही स्वतंत्र हुआ हो, पर जहाँ तक बंगाल के संदर्भों की बात है तो वस्तुतः पश्चिम बंगाल सांस्कृतिक रूप से पूरी तरह 4 मई 2026 को ही आजाद हुआ।

कहने वाले कह सकते हैं कि ऐसा कहने का आधार क्या है ? तो यह बात बहुत लोगो की स्मृति में होगी कि ममता बनर्जी के राज में 2011 से 2026 के मध्य हिन्दू स्वतंत्रता पूर्वक पश्चिम बंगाल में त्योहार तक नहीं मना सकते थे। चाहे बसंत पंचमी हो,



चाहे हनुमान जयंती हो, चाहे सरस्वती पूजा हो, इन्हें आयोजित करने और जुलूस निकालने के लिये अमूमन हिन्दुओं को न्यायालय के दरवाजे खटखटाने पड़ते थे। यदि मुहर्रम और दुर्गा पूजा का विसर्जन एक दिन है तो दुर्गा पूजा के विसर्जन की अनुमति उस दिन नहीं मिलती थी। इसके अलावा हिन्दुओं के त्यौहारों पर जब शोभा यात्राएं निकलती थी, तो यद्यपि पूरे देश में इधर के कुछ वर्षों में उनमें हमले किये जाते रहे हैं पर पश्चिम बंगाल में इसका अनुपात कुछ ज्यादा ही था। भाजपा के सत्ता में आने पर लोगो को यह भी पता चला कि वहाँ पर बहुत से मंदिरो में पूजा-पाठ बंद था जो अब भाजपा-राज में जाकर अब फिर से शुरू हुआ है। इसके साथ ही मुस्लिम बहुल इलाकों में आये दिन हिन्दुओं पर हमले, उनके घर जलाये जाने, हिन्दू महिलाओं से बलात्कार की घटनाएं आम थी। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों को कैसे सामूहिक रूप से निशाना बनाया गया, इसकी याददाश्त बहुत दिनों तक लोगो के दिलों-दिमाग पर बनी रहेगी। 2026 के विधानसभा चुनावों में जब ऐसा लगा कि आम तौर पर हिन्दू मतदाता तृणमूल से विमुख हो रहा है और भाजपा के पक्ष में गोलबन्द हो रहा है तो ममता ने हिन्दुओं को धमकाते हुये कहा था कि- ''आप मेरे कारण सुरक्षित हो वरना एक समुदाय जो संगठित है, वह जब चाहे आपको ठिकाने लगा देगा।'' इस तरह से समझा जा सकता है कि बंगाल का 70 प्रतिशत हिन्दु किस तरह से 30 प्रतिशत मुसलमानों से कैसे राजनीतिक कारणों से बंधक जैसे बने हुये थे। सच्चाई तो यह भी है कि 2026 के विधानसभा चुनावों के पहले बंगाल का हिन्दू भयमुक्त होकर स्वेच्छा से पूरी तरह मतदान भी नहीं कर पाता था। लोगो ने टी.वी. चैनलो में देखा है कि कैसे बंगाल में राम का नाम अपराध था। तृणमूल के शासन में श्री राम को जो पूरे देश की पहचान हैं, उन्हें कुछ ऐसा खड़ा करने की कोशिस की गई जैसे वह देवी दुर्गा के कोई प्रतिद्वदी हो। बंगाली अस्मिता के नाम पर राष्ट्रीयता को चुनौती दी गई, जैसा कभी उद्धव ठाकरे ने मराठी अस्मिता के नाम पर किया था। पर महाराष्ट्र की तरह बंगाल ने भी बता दिया कि बहुत सारी विविधताओं के बावजूद सारे देश के हिन्दुओं के जीवन आदर्श और मूल्य एक ही है। ममता बनर्जी जब भाजपा पर आरोप लगाती है कि भाजपा ने केन्द्रीय बलों के सहारे चुनाव जीता है तो असलियत यह है कि केन्द्रीय बलों के चलते ही निष्पक्ष चुनाव हो सके और भाजपा सत्ता में आ सकी। यदि केन्द्रीय बलों के बल ही सत्ता में लाने का मापदण्ड होता तो फिर भाजपा को केरल और तमिलनाडु में भी सत्ता में आ जाना चाहिए था, या बंगाल को ही 2021 में ही जीत लेना चाहिए था। जहाँ तक सवाल इस बात है कि हिन्दुओं की एकजुटता के चलते भाजपा बंगाल में सत्ता में आई तो इसके लिये भी ममता बनर्जी ही जिम्मेदार हैं क्योंकि उनकी मुस्लिम परस्त नीतियों के चलते ही बंगाल में अपना अस्तित्व बचाने के लिये हिन्दुओं को संगठित होना पड़ा। और जैसा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कहता है कि संगठित हिन्दू समाज देश की सम्पूर्ण समस्याओं का समाधान है तो निश्चित रूप से इसके बहुत दूरगामी परिणाम होंगे। सबसे बड़ी बात तो यह कि अब असम के साथ बंगाल की सत्ता में भी आने के कारण भारत की पूर्वी सीमा अब पूरी तरह से सुरक्षित हो जायेगी जहाँ से घुसपैठियों का प्रवेश पूरी तरह बंद हो जायेगा।

## निःसंदेह...

संजय गुप्त

# बंगाल को पटरी पर लाने की चुनौती

पश्चिम बंगाल में जैसे ही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की प्रक्रिया शुरू हुई थी, वैसे ही ममता बनर्जी ने उसका उग्र विरोध करना शुरू कर दिया था और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया। शीर्ष अदालत ने एसआइआर को न केवल सही माना, बल्कि उसे जारी रखने के आदेश भी दिए। यही नहीं उसने इस प्रक्रिया की निगरानी न्यायिक अधिकारियों को भी सौंप दी। जब चुनाव आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए राज्य में बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती की तो उसका भी ममता ने विरोध किया, जबकि यदि चुनाव के पहले और चुनाव के समय हिंसा नहीं हुई तो इसका श्रेय चुनाव आयोग को ही जाता है।

इसके बाद भी ममता ने अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ा। इस्तीफा देने से इन्कार करके उन्होंने बचकाने राजनीतिक व्यवहार का ही परिचय दिया है।

निःसंदेह अन्य राज्यों की तरह बंगाल में भी मृत, स्थानांतरित और दोहराव वाले लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, लेकिन इसके आधार पर इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता कि तृणमूल कांग्रेस यानी टीएमसी एसआइआर के कारण हारी। यह आरोप इस तथ्य से झूठा साबित होता है कि जिन 20 सीटों पर सबसे अधिक नाम काटे गए, उनमें से 13 में टीएमसी जीती। इससे इन्कार नहीं कि एसआइ-आर में कुछ विसंगतियां रही होंगी, क्योंकि कोई भी प्रक्रिया सौ प्रतिशत



सही नहीं होती, पर टीएमसी की हार के लिए एसआइआर को दोष देना इस सच से मुंह मोड़ना है कि ममता का शासन कुशासन का पर्याय बन गया था। 15 वर्षों से सत्ता पर आसीन ममता ने मुस्लिम तुष्टीकरण की हदें पार कर दी थीं। इसकी प्रतिक्रिया में हिंदू भाजपा के पक्ष में गोलबंद हुए और इसी कारण उसे अप्रत्याशित जीत मिली। टीएमसी की पराजय इस कारण भी हुई, क्योंकि खुद ममता भी अलोकप्रिय हो गई थीं। इसका कारण था उनके नेताओं और कार्यकर्ताओं की ओर से अवैध वसूली और लोगों की संपत्तियों पर कब्जा करना। बंगाल में महिला असुरक्षा का मुद्दा भी सतह पर आया, क्योंकि आरजी कर मेडिकल कालेज की डाक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या और संदेशखाली में हिंसा एवं महिलाओं से दुर्व्यवहार की घटनाओं ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। इससे टीएमसी के प्रति सत्ता विरोधी माहौल और अधिक गहराया। ममता अपनी गलतियों को स्वीकार करने के बजाय जिस तरह यह कह रही हैं कि वे हारी नहीं, बल्कि उन्हें हराया गया है, वह उनकी खीझ ही है।

# उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से निखरा सोम देव बेकरी प्रोडक्शन का भविष्य

उत्तर प्रदेश की धरती में श्रम और स्वप्न का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। इसी स्वप्निल यात्रा को धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान यानी सीएम युवा योजना की नींव रखी है। यह योजना मात्र एक वित्तीय कार्यक्रम नहीं है बल्कि उन लाखों युवाओं के संकल्पों की संवाहिका है जो अपनी नियति स्वयं लिखने का साहस रखते हैं। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में जहाँ युवाओं की आबादी विकास का इंजन है, वहाँ उन्हें केवल रोजगार चाहने वाले के बजाय रोजगार प्रदाता के रूप में विकसित करना समय की मांग है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान इसी विजन को साकार करता है जिसमें युवाओं को वेतनभोगी नौकरियों के पीछे भागने के बजाय अपने सूक्ष्म और लघु उद्योगों को स्थापित करने के लिए एक अभूतपूर्व मंच प्रदान किया गया है। सरकारी तंत्र की यह संवेदनशीलता इस बात से स्पष्ट होती है कि इस योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए बिना किसी गिरवी या कोलेटरल के 5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। वित्तीय बाधाएं अक्सर बड़े सपनों के आड़े आती हैं लेकिन राज्य सरकार ने इस योजना में परियोजना लागत पर 10 प्रतिशत की मार्जिन मनी सब्सिडी देकर उस प्रारंभिक बोझ को भी कम कर दिया है जो एक नए उद्यमी के लिए सबसे बड़ी चुनौती होती है। यह योजना विनिर्माण, सेवा और व्यापार जैसे विविध क्षेत्रों को कवर करती है और समावेशी विकास के मंत्र पर आधारित है। इसमें समाज के हर वर्ग विशेषकर महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों और दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दी गई है ताकि विकास की मुख्यधारा में कोई भी पीछे न छूटे। केवल धन की उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं होती इसलिए सरकार ने परियोजना रिपोर्ट तैयार करने से लेकर उद्यम को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण की भी पुख्ता व्यवस्था की है। इसी सरकारी प्रोत्साहन और अटूट व्यक्तिगत आत्मविश्वास का एक जीवंत उदाहरण जनपद एटा के गंगा नगर, असरौली के निवासी युवा उद्यमी श्री सोम देव हैं।

## जरा हटके

## भूमि संसाधनों के...


रवि यादव

# पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार ने उठाये है ठोस कदम

पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम सभी रहते हैं। इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल होते हैं, जैसे कि हवा, पानी, मिट्टी, पेड-पौधे, जानवर और अन्य जीव-जंतु। पर्यावरण के घटक परस्पर एक-दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं।

बढ़ते औद्योगीकरण के विभिन्न आवामों, प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। दूषित पर्यावरण उन घटकों को प्रभावित करता है, जो जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं। ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने के उद्देश्य से हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून को मनाया जाता है। इस मौके पर विभिन्न देश अलग अलग तरीके से पर्यावरण को लेकर अपने नागरिकों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। पर्यावरण दिवस मनाने की नींव 1972 में पड़ी, जब संयुक्त राष्ट्र संघ ने पहला पर्यावरण दिवस मनाया है और हर साल इस दिन को मनाने का एलान किया।

विश्व में पहला पर्यावरण सम्मेलन 5 जून 1972 को मनाया गया था, जिसमें 119 देशों ने भाग लिया था। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सम्मेलन हुआ था। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन के पहले दिन को चिन्हित करते हुए 5 जून को पर्यावरण दिवस के तौर पर नामित कर लिया। पूरे विश्व में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण



प्रकृति खतरे में हैं। प्राकृतिक जीवन जीने के लिए सभी जीव को हर जरूरी चीज प्रकृति उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर प्रकृति प्रभावित होगी तो जीवन भी प्रभावित होगा। प्रकृति को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से पर्यावरण दिवस मनाते हुए आमजन को जागृत किया जाता है। प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की एक खास थीम होती है। पिछले साल यानी विश्व पर्यावरण दिवस 2023 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर आधारित थी। इस साल विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम ष्स्ंदक त्मेजवतंजपवदए क्मेमतजपपिबंजपवद ।दक क्तवनहीज त्मेपसपमद-बमष् है। इस थीम का फोकस ''हमारी भूमि'' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित रहा। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम इनं्िडंग ग्लोबल प्लास्टिक पॉल्यूशन (म्दकपदह ळसवइंस च्संेजपब च्वससनजपवद) पर आधारित थी। जिसका मुख्य उद्देश्य विश्व से प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना है। अधिक पेड़ लगाना और प्रकृति की रक्षा करना प्रमुख है। विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में मनाया जाता है। यह कई गैर-सरकारी संगठनों, व्यवसायों, सरकारी संस्थाओं द्वारा समर्थित है। 5 जून, 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था तभी से ही यह समुद्री प्रदूषण, अधिक जनसंख्या, ग्लोबल वार्मिंग, टिकाऊ विकास और वन्यजीव अपराध जैसे पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने का एक मंच रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस सार्वजनिक आउटरीच के लिए एक वैश्विक मंच है, जिसमें सालाना 150 से अधिक देशों की भागीदारी होती है। प्रत्येक वर्ष, कार्यक्रम ने पर्यावरणीय कारणों की वकालत करने के लिए व्यवसायों, गैर सरकारी संगठनों, समुदायों, सरकारों और मशहूर हस्तियों के लिए एक थीम और मंच प्रदान किया है। पर्यावरण को सुधारने हेतु यह दिवस महत्वपूर्ण है जिसमें पूरा विश्व रास्ते में खड़ी चुनौतियों को हल करने का रास्ता निकालता हैं। लोगों में पर्यावरण जागरूकता को जगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित विश्व पर्यावरण दिवस दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है। इसका मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाना और दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों को देखना है। वर्ष 2024 मे पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए निर्धारित थीम के अन्तर्गत विश्व के देशों ने विशेष बल दिया है। मरूस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा पारिस्थितिकी तंत्र, जैव विविधता व आजीविका के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं, जिससे पारिस्थितिक रूप से सुदृढ़ भूमि प्रबंधन प्रथाओं को अपनाना अनिवार्य हो जाता है। प्रत्येक बीते वर्ष के साथ, इन चुनौतियों से निपटने की तात्कालिकता और अधिक स्पष्ट हो जाती है, जिससे हमें उनके प्रभाव को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व की अनुभूति होती है।

वर्ष 2025 की थीम के तहत प्लास्टिक प्रदूषण रोकने पर जोर दिया गया और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने पर बल दिया गया। देश के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अपील ''एक पेड़ माँ के नाम'' लगाने का असर देशवासियों पर पड़ा और उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में वर्ष 2025 में 37.21 करोड़ पौधे रोपित किये गये। इससे प्रदूषण रोकने और धरती का वनावरण बढ़ेगा।

भूमि संसाधनों के लिए मरूस्थलीकरण सबसे घातक खतरों में से एक है, जो चुपचाप पारिस्थितिक तंत्र, जैव विविधता और आजीविका पर अतिक्रमण कर रहा है। पुनर्वनीकरण और वनीकरण की पहल मरू भूमि को बहाल करने और मरूस्थलीकरण को कम करने, वन्यजीवों के लिए आवश्यक आवास प्रदान करने और कार्बन पृथक्करण लाभ प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कृषि वानिकी, संरक्षण कृषि और एकीकृत जल प्रबंधन जैसी टिकाऊ कृषि प्रथाएं मिट्टी की उर्वरता में सुधार लाने, सूखे के प्रति लचीलापन बढ़ाने और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने में योगदान करती है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में प्रकृति के विभिन्न श्रोतों के दोहन को रोकने, अपनी भूमि को उपजाऊ एवं प्राकृतिक स्तर पर लाने के लिए अनेको कार्य किये जा रहे है। वर्तमान प्रदेश सरकार ने गत 09 वर्षों में प्रदेश में लगभग 242.13 करोड़ पौधे रोपित करते हुए वनावरण एंव भूमि की हरियाली बढ़ाई है।

### शरीर पर बड़े-बड़े छाले पड़े, गोरखपुर में शादी के लिए मिठाई तैयार हो रही थी

# खेलते-खेलते 3 साल की बच्ची खौलती चाशनी में गिरी, मौत

**दर्दनाक**

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में खौलती चाशनी में गिरकर 3 साल की बच्ची की मौत हो गई। शनिवार दोपहर बच्ची खेलते-खेलते चाशनी में गिर गई थी। पूरे शरीर पर बड़े-बड़े छाले पड़ गए। आनन-फानन में हलवाई ने उसे बाहर निकाला। बचाने में वह भी झुलस गया। घरवालों ने बच्ची को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

बच्ची अदिति गुप्ता का करीब 4 घंटे तक इलाज चला, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं पाए। डॉक्टरों के मुताबिक, वह 60 फीसदी से ज्यादा झुलस गई थी। शरीर पर बड़े-बड़े छाले पड़ गए थे। परिजनों के मुताबिक, पड़ोस के घर में 12 मई को शादी थी। इसके लिए हलवाई चाशनी बना रहे थे। बच्ची हलवाई की रिश्ते में नातिन लगती थी। मामला जिला मुख्यालय से 30 किमी दूर बांसगांव का है। चाशनी से जली बच्ची को लेकर घरवाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बांसगांव पहुंचे। यहां उसका प्राथमिक इलाज हुआ। बच्ची की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। वहां बच्ची करीब 4 घंटे तक जिंदगी के लिए लड़ती रही।


अदिति गुप्ता मृतक

**शनिवार शाम करीब 7 बजे बच्ची ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में मातम छा गया। पिता अभिषेक गुप्ता और मां अंजलि गुप्ता बार-बार बेसुध हो जा रहे थे। अभिषेक के दो बच्चे थे, जिनमें अदिति बड़ी थी। अब एक साल का बेटा है।**



### खेलते-खेलते चाशनी से भरे बर्तन में गिरी मासूम

दोनखर वार्ड संख्या-4 निवासी सुरेश यादव के घर 12 मई को शादी होनी है। शनिवार दोपहर 3 बजे मेहमानों के लिए मिठाई बनाई जा रही थी। पड़ोस में रहने वाले हलवाई राजेंद्र गुप्ता अपने सहयोगियों के साथ मिठाई बनवा रहे थे। गुलाब जामुन मिठाई बनाने के लिए बड़े बर्तन में चीनी की चाशनी तैयार की जा रही थी। चाशनी आग पर खौल रही थी। इसी दौरान हलवाई राजेंद्र गुप्ता की तीन साल की नतिनी अदिति गुप्ता खेलते-खेलते अचानक चाशनी से भरे बर्तन में गिर गई। बच्ची चाशनी में गिरते ही चीख पड़ी। राजेंद्र गुप्ता ने जल्दी से बच्ची को बाहर निकाला। बच्ची का पूरा शरीर चाशनी में भीग गया। इससे उसका शरीर बुरी तरह झुलस गया था। शरीर पर बड़े-बड़े छाले पड़ गए। मासूम को बाहर निकालने के चक्कर में कई अन्य लोगों के हाथ भी झुलस गए।

# पत्रकारों को गालियां और भगवान श्रीराम पर अभद्र टिप्पणी का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। जिले में पत्रकारों के सम्मान और धार्मिक भावनाओं से जुड़े एक मामले ने तूल पकड़ लिया है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष राजबहादुर वर्मा की शिकायत पर मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने बलराज सिंह उर्फ बल्लू नामक व्यक्ति के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी पर फोन के माध्यम से पत्रकारों को भद्दी गालियां देने, तथा भगवान श्रीराम के प्रति अमर्यादित एवं अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष राजबहादुर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि आरोपी बलराज सिंह उर्फ बल्लू ने फोन कॉल के दौरान न केवल पत्रकारों के लिए अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया, बल्कि हिंदू आस्था के प्रतीक भगवान श्रीराम के खिलाफ भी आपत्तिजनक टिप्पणी की। शिकायतकर्ता ने बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस को उपलब्ध कराई है, जिसे साक्ष्य के रूप में जांच में शामिल किया गया है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि बलराज सिंह क्षेत्र में दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति माना जाता है और वह कथित रूप से अवैध तरीके से 'खालसा ब्रिक फील्ड' नामक ईंट भट्ठे का संचालन करता है। आरोप है कि आरोपी पूर्व में भी ब्राह्मण समाज व अन्य हिंदू समुदायों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग कर चुका है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और पत्रकारों में भारी रोष व्याप्त है। संगठन के सदस्यों ने आरोपी द्वारा दी गई कथित जान से मारने की धमकी को गंभीर बताते हुए प्रशासन से तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है।



**पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्यों और ऑडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर निष्पक्ष जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं क्षेत्र में इस घटना को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है और लोग प्रशासन से दोषी के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।**

**फास्ट न्यूज**

### भाजयुमो ने जलाया अखिलेश यादव का पुतला

गोरखपुर। गोरखपुर में रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने इंद्रा बाल विहार तिराहे पर अखिलेश यादव का पुतला जलाया। कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। हाथ में अखिलेश यादव मुर्दाबाद, अखिलेश तुम माफी मांगो वाले पोस्टर लेकर पहुंचे। क्षेत्रीय महामंत्री अंबिकेश धर दुबे ने कहा- सपा प्रमुख पागलखाने में भर्ती हों, इलाज हम करवाएंगे।

### टीचर पिस्टल तानकर बोला- कैश दो, वरना मार दूंगा

वाराणसी। वाराणसी में 35 साल के टीचर ने जनसेवा केंद्र में लूट की कोशिश की। उसने संचालक पर पिस्टल तान दी। धमकाते हुए बोला- रुपए दे दो, नहीं तो गोली मार दूंगा। जनसेवा केंद्र का संचालक रुपए लाने की बात कहकर पीछे गया और शोर मचाने लगा। पकड़े जाने के डर से टीचर भागने लगा, लेकिन CSC के बाहर लोगों ने उसे पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिस्टल छीन ली। फिर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी की पहचान गौतम पटेल के रूप में हुई है। वो प्राइवेट स्कूल में पढ़ाता है।

### दूसरे दिन भी 50% परीक्षार्थियों ने छोड़ दी परीक्षा

वाराणसी। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से PGT (विज्ञापन संख्या 02/2022 प्रवक्ता संवर्ग) भर्ती की लिखित परीक्षा दो दिनों तक चली। यह चार पालियों में आयोजित हुई। जनपद में 35 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जहां पर कड़ी सख्ती के बीच परीक्षाएं कराई गई। इसकी निगरानी AI बेस्ड CCTV कैमरे से की गई।

# बाइक टकराने पर आईटीआई छात्र की गोली मारकर हत्या

### सीने को चीरती हुई निकली बुलेट, प्रयागराज में तीन लोगों से झगड़ा हुआ था

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज में बाइक टकराने पर तीन लड़कों ने ITI छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली छात्र के सीने को चीरते हुए आर-पार हो गई। छात्र लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। बाइक सवार आरोपी हत्या करने के बाद मौके से फरार हो गए। छात्र के दोस्तों ने उसके घर पर कॉल करके सूचना दी।

दोस्त और मौके पर मौजूद लोग छात्र को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने छात्र के 2 दोस्तों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। घटना रविवार दोपहर 12 बजे की होलागढ़ इलाके की है। झौनी का पुरवा के राजापुर चौबारा गांव का रहने वाला हिमांशु सरोज ITI कर रहा था। उसके पिता संजय कुमार पुणे में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। वह दो भाइयों में बड़ा था। हिमांशु की मां रीता ने बताया कि मेरा बेटा अपने ननिहाल पूरब नारा गांव में आता-जाता था।


हिमांशु, मृतक

रविवार सुबह 8 बजे के करीब हिमांशु घर से बाइक लेकर निकला था। उसने कहा था कि मम्मी मैं नानी के यहां जा रहा हूं। उसने पड़ोस में रहने वाले संदीप और अवनीश को भी साथ में ले लिया। करीब 11 बजे ये तीनों लोग ननिहाल पहुंचे।

उसके बाद वहां से कुछ देर बाद निकल गया। दोपहर में करीब 12 बजे अवनीश का मेरे पास फोन आया। उसने कहा कि हिमांशु को गोली मार दी गई है। टोड़ी का पुरवा गांव में हम लोगों की बाइक की दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। जिसके बाद ये घटना हुई। पुलिस पूछताछ में दोस्तों ने बताया कि दूसरी बाइक पर तीन लोग सवार थे। बाइक टकराने के बाद वे हिमांशु से झगड़ा करने लगे। जब बहस ज्यादा बढ़ गई तो तीनों में से एक आरोपी ने तमंचा निकाला।


### बरेली कॉलेज में जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग कार्यशाला का दूसरा दिन संपन्न

# पर्यावरणीय अध्ययन में आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर हुआ मंथन



तमसा संकेत, संवाददाता

बरेली। पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित 10 दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला "नेविगेटिंग द फ्यूचरः जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग" के दूसरे दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रोफेसर ए.पी. सिंह, निर्देशक सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रम, बरेली कॉलेज के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने जूम एवं यूट्यूब लाइव के माध्यम से सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनामिका अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को द्वितीय दिवस के तकनीकी सत्रों से परिचित कराते हुए जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग तकनीकों के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इन तकनीकों का उपयोग पर्यावरणीय निगरानी, आपदा प्रबंधन एवं प्राकृतिक संसाधनों के अध्ययन में व्यापक रूप से किया जा रहा है।



विभागाध्यक्ष डॉ. जसपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग आधुनिक शोध एवं तकनीकी अध्ययन का महत्वपूर्ण आधार बन चुके हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. गौरव भूषण एवं डॉ. निष्ठा सेठ का विशेष सहयोग रहा। कार्यशाला का तकनीकी संचालन रवि कुमार गंगवार, अंजलि, मुकेश कुमार एवं अभिषेक गौतम द्वारा किया गया। अंत में अतिथियों का धन्यवाद डॉ. जसपाल सिंह द्वारा ज्ञापित किया गया।

**विशेषज्ञों ने डिजिटल मैपिंग और स्पेशियल डेटा एनालिसिस की दी जानकारी**

**प्रतिभागियों ने गूगल अर्थ प्रो और आर्कजीआईएस के प्रयोग सीखे**

**ऑनलाइन कार्यशाला में तकनीकी प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव पर जोर**

**जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग आधुनिक शोध का मजबूत आधारः डॉ. जसपाल सिंह**

दूसरे दिवस की मुख्य वक्ता श्रीमती श्रुति सक्सेना, जीआईएस विश्लेषक, कोलकाता रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को गूगल अर्थ प्रो, आर्कजीआईएस, डिजिटल मैपिंग एवं स्पेशियल डेटा एनालिसिस के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने विभिन्न सॉफ्टवेयर के माध्यम से मैप तैयार करने, डेटा विश्लेषण एवं पर्यावरणीय अध्ययन में जीआईएस तकनीकों के उपयोग को व्यावहारिक रूप से समझाया। प्रतिभागियों ने सत्र के दौरान तकनीकी विषयों में विशेष रुचि दिखाई तथा विशेषज्ञ से संवाद भी किया।

# दो मंजिला मकान में पकड़ा गया सेक्स रैकेट

### प्रयागराज में 4 महिलाएं और 2 पुरुष हिरासत में, कमरे में आपत्तिजनक हाल में मिले

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज के अतरसुइया स्थित कल्याणी देवी मोहल्ले में शनिवार शाम एक मकान में सेक्स रैकेट पकड़ा गया। यहां छापा मारकर पुलिस ने चार महिलाओं और दो पुरुषों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा। मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है। सभी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

शनिवार शाम करीब चार बजे एसीपी के नेतृत्व में अतरसुइया पुलिस ने मकान पर छापा मारा। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो मकान का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पुलिस अंदर पहुंची तो अलग-अलग कमरों में युवक और युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक वस्तुएं भी बरामद कीं। पुलिस सभी छह लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आई, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। शुरुआती जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस नेटवर्क को कौन संचालित कर रहा था और इसमें अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं। फिलहाल यह बात सामने आई है कि जो चार महिलाएं पकड़ी गई हैं, उनमें से एक प्रतापगढ़, दूसरी कटघर, तीसरी मऊआइमा और चौथी हनुमानगंज की है। इन्हीं में से एक महिला इस पूरे रैकेट को संचालित कर रही थी।

एक अहम बात यह है कि इस रैकेट में मकान मालिक भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक, जो दो पुरुष पकड़े गए हैं, उनमें से एक मकान मालिक सुशील है। एसीपी अतरसुइया निकिता श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि इस नेटवर्क में और कौन लोग शामिल थे।

**"सेक्स रैकेट का यह धंधा ब्यूटी पार्लर की आड़ में चल रहा था। दरअसल ग्राउंड फ्लोर पर ही ब्यूटी पार्लर चलाया जाता था। इसकी संचालिका हनुमानगंज निवासी महिला थी। कुछ साल पहले उसने यह मकान किराए पर लिया था। पिछले 5 से 6 महीने से सेक्स रैकेट संचालित किया जा रहा था।**






### लंबे समय से मिल रही थी शिकायत

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, कल्याणी देवी इलाके के एक मकान में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की सूचना मिल रही थी। स्थानीय लोगों ने शिकायत की थी कि मकान में रोजाना नए-नए लोगों का आना-जाना लगा रहता था। यह मकान सुशील केसरवानी का बताया गया।

# भाभी कहने पर महिला ने थप्पड़ जड़ा, छात्र का सुसाइड

तमसा संकेत, एजेंसी

जालौन। यूपी के जालौन में 20 साल के आईटीआई छात्र ने यमुना नदी में कूदकर जान दे दी। वह दो दिन से घर से लापता था। रविवार सुबह 6 बजे घर से 40 किमी दूर नदी में उसका शव उतराता मिला। मरने से पहले उसने एक वीडियो भी बनाया। इसमें छात्र ने आत्महत्या के लिए पड़ोसी महिला को जिम्मेदार ठहराया। वीडियो में छात्र रोते हुए कह रहा-मैंने लक्ष्मी नाम की महिला को भाभी कह दिया था। उसने मुझे थप्पड़ मारे और छेड़खानी की एफआईआर दर्ज करा दी। मैं 21 साल का हूं। अगर 10 साल जेल में बिता दूंगा तो जिंदगी में बचेगा क्या? डीएम से अनुरोध है कि मामले का संज्ञान लें। जिस तरह से मैं जा रहा हूं, कोई दूसरा नहीं जाना चाहिए। जो गुनहगार हैं, उन्हें सजा मिले।

छात्र लोकेंद्र अहिरवार जिला मुख्यालय से 70 किमी दूर कदौरा थाना क्षेत्र का रहने वाला था। दो दिन पहले झगड़े के बाद पड़ोसी महिला ने उस पर छेड़खानी की FIR दर्ज करा दी थी। पुलिस ने शांतिभंग में उसका चालान कर दिया था। इससे नाराज होकर उसने वीडियो बनाया और नदी में छलांग लगा दी। रविवार सुबह कालपी थाना क्षेत्र में राहगीर ने उसका शव उतराता देखा। सिद्धार्थनगर मोहल्ले के रहने वाले मुकुंदी लाल ने बताया कि बेटा लोकेंद्र पढ़ने-लिखने में काफी होशियार था।


लोकेंद्र अहिरवार, मृतक

**वीडियो बनाकर बोला- 21 का हूं, 10 साल जेल में रहूंगा तो जिंदगी में क्या बचेगा**

**वारदात :** चाकू से गोदा, बिस्तर में लपेटकर गड्ढे में दफनाया, पुलिस के सामने आरोपी नाटक करता रहा

# चकरोड किनारे की जमीन के लिए भाई को मार डाला

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा । आगरा में किसान की उसके ही भाई ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। शुक्रवार सुबह शव को गांव से करीब 1 किलोमीटर दूर नहर किनारे पेयजल की पाइपलाइन के नीचे करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में दफना दिया।

इसके बाद आरोपी भाई पुलिस और ग्रामीणों के साथ मिलकर उसे तलाशने का नाटक करता रहा। ग्रामीण और रिश्तेदार ढूंढने में लगे थे। इसी बीच शनिवार शाम करीब 4 बजे कुत्ते गड्ढे को खोदते दिखे। आसपास मक्खियां भनभना रही थीं। शक के आधार पर गड्ढा खोदा तो शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान मलपुरा थाना के गांव बाईंखेड़ा निवासी अनीत उर्फ गणेशी (30) के रूप में हुई। पुलिस ने शनिवार रात आरोपी भाई मनीष को शक के आधार पर हिरासत में लिया। उसने कबूल किया कि चकरोड किनारे जमीन को लेकर विवाद था। इसीलिए अनीत को मार डाला।


अनीत उर्फ गणेश, मृतक



### खेत पर सोने गया था, यही से गायब हुआ था

परिजन के मुताबिक, गांव बाईंखेड़ा निवासी अनीत उर्फ गणेशी गुरुवार रात करीब 8.30 बजे घर से खेत पर सोने के लिए निकला था। शुक्रवार सुबह उसकी पत्नी पिंकी खेत पर मवेशियों को चारा डालने पहुंची तो वहां नहीं था। चारपाई से बिस्तर भी गायब था। उसने चारपाई हटाकर सफाई की तो नीचे खून फैला मिला। पास में खून से सने पत्थर पड़े थे। करीब 200 मीटर दूर अनीत की बाइक मिली। इसकी जानकारी होते परिजन और गांव वाले सन्न रह गए। रास्ते में कई जगह खून के निशान भी पाए गए। पुलिस ने सर्विलांस टीम और खोजी कुत्ते की मदद ली। 36 घंटे तक पुलिस सिर्फ आशंकाओं में उलझी रही। ग्रामीण भी नहर और कुओं की तलाश कर रहे थे।

### बिस्तर में लपेटकर 10 फीट गहरे गड्ढे में दफनाया था

इसी बीच मृतक के चचिया ससुर रुकमान यादव और शालिग्राम यादव ने बताया कि वह नहर के किनारे खड़े थे। गांव के बाहर गंगाजल पाइप-लाइन के पास मक्खियां भिनभिनातीं दिखीं। कुत्तों का झुंड भी मंडरा रहा था।

शक होने पर दोनों खुद मौके पर पहुंचे और मिट्टी हटाकर देखा तो करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में बिस्तर में लिपटा अनीत का शव मिला। शव की हालत देखकर ग्रामीणों की रूह कांप गई। किसान के सिर, गले, नाभि और पीठ समेत शरीर के कई हिस्सों पर चाकू से गोदने के गहरे निशान मिले। शव के पास बिस्तर में लिपटा हुआ खून से सना चाकू भी मिला।

# प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा प्रदेशभर में सकुशल सम्पन्न

### एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से हुई परीक्षा केन्द्रों की निगरानी

तमसा संकेत, संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा आयोजित विज्ञापन संख्या 02/2022 प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा दिनांक 10 मई, 2026 को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न करायी गयी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली में नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत एवं मनोविज्ञान विषयों की परीक्षा तथा द्वितीय पाली में रसायन विज्ञान, भूगोल, हिन्दी एवं कला विषयों की परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 09:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02:30 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित की गयी। डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा का संचालन आयोग द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर पूर्ण पारदर्शिता, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न कराया गया। परीक्षा के दौरान आयोग में स्थापित एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से सभी परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी की गयी। आयोग के अध्यक्ष, सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में परीक्षा केन्द्रों पर लगे एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर निरंतर दृष्टि रखी गयी। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा तकनीकी नवाचार एवं पारदर्शिता को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ जनपद के चयनित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा समाप्ति के तत्काल बाद परीक्षार्थियों द्वारा प्रयुक्त ओएमआर उत्तर पत्रकों की स्कैनिंग परीक्षा कक्ष में ही करायी गयी। स्कैनिंग प्रक्रिया अभ्यर्थियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई तथा स्कैन डाटा को तत्काल सुरक्षित करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की गयी। सम्पूर्ण प्रक्रिया की निगरानी भी आयोग के एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से की गयी।

**लखनऊ में पायलट प्रोजेक्ट के तहत परीक्षा कक्ष में ही ओएमआर स्कैनिंग**

**दो दिनों में कुल 1,92,934 अभ्यर्थियों की रही उपस्थिति**

**-डॉ. प्रशांत कुमार**

## आगरा में 3 लोग हुए घायल, शादी समारोह में शामिल होने दिल्ली से आया था परिवार

# एंबुलेंस-ऑटो की टक्कर में पिता-पुत्र की हुई मौत

**हादसा**

तमसा संकेत, एजेंसी



आगरा। आगरा में तेज रफ्तार एंबुलेंस ने ऑटो में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा थाना जगदीशपुरा क्षेत्र स्थित बिचपुरी में रविवार सुबह करीब 8 बजे हुआ। हादसे में ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई। परिवार दिल्ली से आगरा के सदरवन गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। मृतकों की पहचान पिता नेमीचंद (36) और उनके बड़े बेटे शिवम (14) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। नेमीचंद ऑटो चलाते थे, जो अपने चाचा विपत्ति की बेटी सोनम की शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली से आगरा के सदरवन ऑटो से ही आए थे।

### ऑटो चलाकर चाचा की बेटी की शादी में आए थे

हादसे में ऑटो सवार पिता नेमीचंद और उनके बड़े बेटे शिवम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ऑटो में सवार नेमीचंद की पत्नी कांता, उनके दो बेटे गोविंदा और निशांत गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।



नेमीचंद मृतक पिता

शिवम मृतक बेटा

### टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़े

यह हादसा बिचपुरी पुलिस चौकी से 9 किलोमीटर दूर हादसा हुआ। पूरा परिवार दिल्ली से आगरा के सदरवन गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। रविवार सुबह परिवार के पांच सदस्य ऑटो में सवार होकर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार एंबुलेंस ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी गई।

- घटना की सूचना मिलते ही थाना जगदीशपुरा पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों के साथ राहत और बचाव काम शुरू कराया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।
- पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही सामने आ रही है। एंबुलेंस चालक से पूछताछ की जा रही है।

# 'लोकतंत्र खतरे में'

## भाजपा और चुनाव आयोग पर बरसे प्रमोद तिवारी

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। प्रमोद तिवारी रविवार को कांग्रेस विधानमंडल दल (CLP) की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' के साथ तीर्थनगरी मथुरा पहुंचे। यहां उन्होंने श्री बांके बिहारी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की प्रार्थना की। मंदिर सेवायतों द्वारा दोनों नेताओं का माला और पटुका पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। तिवारी ने कहा कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं को प्रभावित कर चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा, "जिस प्रकार चुनावी प्रक्रियाओं में दखल दिया जा रहा है, वह लोकतंत्र की हत्या के समान है। हम बांके बिहारी जी के चरणों में यही प्रार्थना करने आए हैं कि देश में संविधान और लोकतंत्र सुरक्षित रहे।"

वहीं, आराधना मिश्रा 'मोना' ने भी भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिम बंगाल तक भाजपा केवल सत्ता की राजनीति कर रही है और जनता के मूल मुद्दे पीछे छूट गए हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि संस्थाओं की निष्पक्षता पर उठ रहे सवाल स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चिंताजनक हैं।

**फास्ट न्यूज**

### कानपुर के परेड मार्केट को हटाने का आदेश

कानपुर। कानपुर के परेड ग्राउंड में लगने वाली दुकानों को नगर निगम ने अतिक्रमण घोषित कर दिया है। शुक्रवार को मार्केट हटाने का ऐलान किए जाने के बाद से यहां के दुकानदारों में डर का माहौल है। उनका कहना है- अब हम कहां जाएंगे? यहां तिरपाल, टट्टर और पन्नियों से बनी करीब 500 से ज्यादा छोटी-बड़ी दुकानें हैं। इनमें महिलाओं के कपड़े, कटपीस, पैंट, शर्ट और घर के जरूरी सामान बिकते हैं।

### ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से एमएससी छात्र की मौत

कानपुर । कानपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से MSC छात्र की मौत हो गई। शनिवार देर रात करीब 12 बजे छात्र अपने दोस्त के साथ स्कूटी से चाय पीने जा रहा था। जैसे ही वह गुरुदेव इलाके के पास पहुंचे, तभी ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइड से स्कूटी में टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद दोनों गिर पड़े। स्कूटी चला रहा छात्र का सिर ट्रॉली के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद उसका दोस्त मौके से भाग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### मेट्रो के लिए यमुना पर बनेगा 200 करोड़ का पुल

आगरा । आगरा में मेट्रो का काम काफी तेजी से चल रहा है। ताजमहल से सिकंदरा के बीच पहले कॉरीडोर का काम लगभग 75% पूरा हा चुका है। वहीं, दूसरे कॉरीडोर के काम ने भी रफ्तार पकड़ ली है। दूसरे कॉरीडोर पर मेट्रो के लिए यमुना पर पुल बनाने का काम शुरू हो गया है। लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से यह पुल बनकर तैयार होगा।

## श्रीमद्भागवत कथा में नंद उत्सव की धूम, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया आनंद

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। कस्बा बलदेव के अमीरपुर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन नंद उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लिया। कथा स्थल पर भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने भागवत रूपी ज्ञान का प्रसाद ग्रहण किया।

कथा के दौरान अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष जगदीश प्रसाद अग्रवाल एवं उनके साथ आए श्रद्धालुओं ने भागवताचार्य आचार्य सोलंकी शास्त्री का माला एवं पटुका पहनाकर सम्मान किया।

भागवत प्रवक्ता आचार्य सोलंकी शास्त्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, प्रेम और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाली दिव्य साधना है। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है।

नंद उत्सव के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों एवं जयकारों के साथ झूमते नजर आए। कार्यक्रम में परीक्षित वीरेंद्र सिंह एवं उनकी पत्नी कृष्णा देवी, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, शुभाष अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सुनील पांडेय, जगदीश फौजी, अनिल अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, शिवा अग्रवाल, तुलसीराम सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पति से झगड़कर महिला फंदे पर झूली, पुलिस ने बचाया

कानपुर। कानपुर में पति से विवाद के बाद एक महिला ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर फंदा चाकू से काटकर उसे नीचे उतारा। महिला को गंभीर हालत में पास के अस्पताल में एडमिट कराया। पुलिस की तत्परता से महिला की जान बच गई और उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने जेठ को हिरासत में लिया और मायके वालों को मामले की जानकारी दी। डीसीपी वेस्ट ने बताया कि महिला के होश में आने के बाद पूछताछ होगी। महिला की तहरीर के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला कल्याणपुर थाना क्षेत्र का है। कल्याणपुर बारासिरोही में रहने वाले अरविंद कमल एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं। घर में मां शकुंतला, बड़ा भाई सुनील कमल और पत्नी रिया कमल है। अरविंद ने बताया की करीब चार साल पहले उसकी शादी हुई थी।

## भक्तों को दर्शन देने पहुंचे तो उपस्थित श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर हो गए

# नौका विहार महोत्सव में राधा रास विहारी जी के युगल स्वरूप ने भक्तों को किया मंत्रमुग्ध

नौका विहार के दौरान पद गायन के मध्य जब श्री राधा रास बिहारी जी सुंदर नौका पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देने पहुंचे तो उपस्थित श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर हो गए। भक्तों ने पुष्प वर्षा कर ठाकुर जी की मनोहारी झांकी का स्वागत किया।

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। श्री राधा रानी संकीर्तन मंडल एवं अग्रवाल समाज संगठन बलदेव के तत्वावधान में अग्रवाल रिसॉर्ट स्थित तरणताल में श्री राधा रास विहारी जी के युगल स्वरूप का भव्य नौका विहार महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंख ध्वनि के मध्य ठाकुर जी को नौका रूपी कुंज महल में विराजमान कर नौका विहार कराया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीदाऊजी गौड़ीय मठ के महंत पूज्य प्रहलाद प्रभु जी, अग्रवाल समाज संगठन बलदेव क्षेत्र के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष बांकेलाल गोयल, मुकेश अग्रवाल एवं सचिन अग्रवाल घी वालों द्वारा ठाकुर जी के युगल स्वरूप पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर दिल्ली, आगरा, मथुरा, राया सहित विभिन्न स्थानों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में बॉली सेठ, डॉ. जगदीश पाठक, दिनेश अग्रवाल, देवकी नंदन, मनोज बंसल, राकेश अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, ललित मित्तल, बसंत बंसल, विनोद कुमार, छैलबिहारी गोयल, डॉ. दिलीप, धर्मेंद्र उपाध्याय, रिंकू सोनी, रामप्रकाश तेहरिया, नितिन तेहरिया, डॉ. अवध, डॉ. गिरधारी, पवन गोयल, टोनी भगत जी, मुकेश शास्त्री, डॉ. जया, खुशी उपाध्याय, राधिका अग्रवाल, रीना अग्रवाल, निधि अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, मेघा बंसल, सुनील गर्ग, सुदीप बंसल, अमित भारद्वाज, वरुण अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन संजीव अग्रवाल द्वारा किया गया।

**माहौल को भक्तिमय बना दिया गया**

कार्यक्रम में करुणा गोयल, माधवदास अग्रवाल, संध्या गोयल, परी सोनी, प्रज्ञा शर्मा एवं लक्ष्य बंसल ने सुमधुर पद गायन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। नौका विहार के उपरांत ठाकुर जी को पुनः आसन पर विराजमान कराया गया तथा भक्तों ने प्रसाद स्वरूप तरणताल में स्नान कर स्वयं को धन्य महसूस किया। अंत में बालभोग प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## संघ पदाधिकारियों ने पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया

# कोतवाली प्रभारी संजय कुमार पांडेय का धर्म रक्षा संघ ने किया सम्मान

तमसा संकेत, संवाददाता



वृंदावन। धर्म रक्षा संघ द्वारा शनिवार को परिक्रमा मार्ग स्थित ललित कुंज में कोतवाली प्रभारी संजय कुमार पांडेय के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी राधाप्रसाद देवजू महाराज ने की।

समारोह में गत वर्ष फरह क्षेत्र के कोह गांव में हुए जघन्य हत्याकांड प्रकरण में तत्कालीन थाना प्रभारी के रूप में संजय कुमार पांडेय द्वारा की गई उत्कृष्ट विवेचना की सराहना की गई। उल्लेखनीय है कि इस मामले में एक व्यक्ति ने अपनी बहन की देवरानी को जीवित जलाकर हत्या कर दी थी। विवेचना अधिकारी के रूप में संजय कुमार पांडेय ने निष्पक्ष एवं प्रभावी जांच करते हुए अपराधी को न्यायालय से फांसी की सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर संघ पदाधिकारियों ने पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राष्ट्रीय महामंत्री श्रीदास प्रजापति ने कहा कि फरह के कोह गांव हत्याकांड में की गई सशक्त विवेचना न्याय व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। ऐसे कर्मठ एवं निष्पक्ष पुलिस अधिकारियों का सम्मान समाज के लिए प्रेरणादायक कार्य है। कार्यक्रम में आचार्य बद्रीश महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी रामदास महाराज, स्वामी अधिकारी गुरु, महंत दशरथ दास महाराज, महंत चंद्रदास महाराज, आचार्य अनमोल शास्त्री, मुकेश शर्मा, भगवान दास चौधरी एवं सोहनलाल आचार्य सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष महंत मोहिनी बिहारी शरण ने कहा कि समाज में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों के विरुद्ध निष्पक्ष कार्रवाई करने वाले अधिकारियों का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संजय कुमार पांडेय ने ईमानदारी एवं साहस के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए वृंदावन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया है।

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

## भविष्य की आधुनिक सामग्रियों पर हुआ गहन मंथन

तमसा संकेत, संवाददाता



मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन तथा मटेरियल रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया, दिल्ली चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल समापन हुआ। सम्मेलन का विषय "भविष्य में उपयोग होने वाली नई आधुनिक सामग्री और उनके नवीन आविष्कार" रहा।

सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं एवं शिक्षाविदों ने आधुनिक विज्ञान, रक्षा तकनीक और अभियांत्रिकी से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने शोध एवं विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में 50 से अधिक तकनीकी विशेषज्ञों ने सहभागिता की, जबकि 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त 10 से अधिक विदेशी शिक्षाविदों ने भी सम्मेलन में भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए।

सम्मेलन संयोजक डॉ. विपिन शर्मा ने बताया कि सम्मेलन के लिए कुल 307 शोध पत्र प्राप्त हुए, जिनमें बड़ी संख्या में विदेशी शिक्षाविदों के शोध पत्र शामिल रहे। अमेरिका, ओमान, अल्जीरिया, इराक, ईरान, दक्षिण अफ्रीका, मोरक्को तथा तुर्की सहित कई देशों के शोधकर्ताओं ने सम्मेलन में अपने शोध प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, कैंपस निदेशक डॉ. संजय सिंह, डीन एकेडमिक्स डॉ. संजीव सिंह, डॉ. हुसैन मेहदी, डॉ. पीयूष गुप्ता, डॉ. श्वेतांशु गौरव, मधुर कुमार दुबे तथा डॉ. पंकज गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'पेट्रोल डीजल का ...

हैदराबाद में नरेंद्र मोदी ने कहा कि बंगाल में सिर्फ राजनीतिक दलों की जीत या हार नहीं हुई, बल्कि वहां की जनता ने ऐसी राजनीति को पराजित किया, जिसने लोगों को गुलामी की जंजीरों में जकड़ रखा था।

हैदराबाद में नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे रेवंत जी ने कहा था कि आप राजनीतिक बात नहीं करेंगे, इसलिए मैं भी राजनीतिक बात नहीं करूंगा।

मैं रेवंता जी से कहना चाहता हूं कि पिछले 10 साल में केंद्र सरकार ने गुजरात को जितना दिया, उतना ही मैं तेलंगाना को देने के लिए तैयार हूं। लेकिन ऐसा करते ही आपको जो मिल रहा है, वह आधा हो जाएगा और आप जहां पहुंचना चाहते हैं, वहां नहीं पहुंच पाएंगे। इसलिए अच्छा है कि आप मेरे से ही जोड़ो।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं तेलंगाना के हर परिवार को भरोसा दिलाता हूं कि केंद्र सरकार उनके सपनों को पूरा करने के लिए और तेज गति से काम करती रहेगी।

उन्होंने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार बड़े पैमाने पर निवेश कर रही है। मलकापुर में नए इंडियन ऑयल टर्मिनल का उद्घाटन इसी दिशा में अहम कदम है, जो तेलंगाना की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा।

पिछले 12 साल में आधुनिक कनेक्टिविटी केंद्र सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में रही है। सड़क, रेल और एयरपोर्ट समेत संपर्क के हर माध्यम में बड़े स्तर पर निवेश किया जा रहा है। इसके लिए करीब 1.75 लाख करोड़ का निवेश किया गया है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि संयुक्त आंध्र के समय रेलवे का बजट 1000 करोड़ से भी कम था। आज सिर्फ तेलंगाना का रेलवे बजट ही करीब 5,500 करोड़ का है। राज्य में इस समय लगभग 50 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

### पीएम बोले- तेलंगाना ...

कल बंगाल में था। वहां पहली बार भाजपा के मुख्यमंत्री ने शपथ ली। बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार भारी बहुमत से बनी है। मैं देख रहा हूं कि इस ऐतिहासिक जीत का उत्साह तेलंगाना में भी साफ दिखाई दे रहा है।

### आईएसआई से जुड़े ...

तीनों के मोबाइल के ऑडियो, वीडियो कॉल से संदिग्ध नंबरों पर बात किए जाने, सोशल मीडिया से खास स्थानों के तस्वीरें पाकिस्तान भेजे जाने की पुष्टि हुई है।

आरोपियों के मोबाइल से कई संदिग्ध ई-मेल भी मिले हैं। पुलिस यह पता लगा रही है कि आरोपियों को आतंकी साजिश में जोड़ने के एवज में क्या मिला था। तीनों की गिरफ्तारी शुक्रवार को हुई। तीनों दिल्ली में मजदूरी कर चुके हैं।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 'गैंग बस्ट ऑपरेशन 2.0' के तहत विभिन्न राज्यों से शाहजाद भट्टी मॉड्यूल से जुड़े 9 संदिग्ध ऑपरेटिव्स को गिरफ्तार किया था। इनसे पूछताछ में जांच एजेंसियों को पता चला कि आरोपियों में से एक ने दिल्ली के एक ऐतिहासिक मंदिर की रेकी की थी।

### सीएम पर सस्पेंस...

दावा किया जा रहा है कि आलाकमान को सौंपी गई इस रिपोर्ट में विधायकों ने के.सी. वेणुगोपाल के नाम पर मुहर लगाई है।

### योगी मंत्रिमंडल में 6 ...

तीसरे नंबर पर अजीत पाल और फिर सोमेंद्र तोमर ने शपथ ली। दोनों को प्रमोट कर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया। इसके बाद कृष्णा पासवान, कैलाश राजपूत, सुरेंद्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा ने राज्यमंत्री पद की शपथ ली।

कृष्णा पासवान पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थीं। नए बनने वाले मंत्रियों में 1 ब्राह्मण, 3 ओबीसी और 2 दलित वर्ग से हैं। शपथ के बाद अजीत पाल, सोमेंद्र तोमर, कृष्णा पासवान, कैलाश राजपूत, सुरेंद्र दिलेर और हंसराज ने राज्यपाल और सीएम के पैर छुए।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और नेता विपक्षी दल माता प्रसाद पांडेय ने कहा- मनोज पांडेय ने 2022 में सपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था।

2024 में राज्यसभा चुनाव के वक्त उन्होंने बगावत करते हुए भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया था।

इसके बाद सपा ने उन्हें पार्टी से निकाल दिया था। मनोज पांडेय को पार्टी से निकाला जा चुका है, इसलिए उनके मंत्री पद की शपथ लेने को चुनौती नहीं दी जा सकती। अगर पार्टी ने निकाला न होता और वे मंत्री पद की शपथ लेते तो नियमों के विरुद्ध होता। पार्टी से निष्कासन के बाद कोई भी विधायक निर्दलीय विधायक की तरह माना जाता है।

### विजय तमिलनाडु के...

ये सभी विजय की पार्टी TVK के विधायक हैं।

टीवीके नेता एमवी करुप्पैया को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। राज्यपाल ने CM विजय को 13 मई को विश्वास मत हासिल करने को कहा है।

CM बनते ही विजय एक्शन में आए और दस्तावेजों का पहला सेट साइन किया। इनमें 200 यूनिट फ्री बिजली देने, महिला सुरक्षा दल और एंटी ड्रग्स स्क्वॉड बनाने के आदेश शामिल हैं।

बीजू जनता दल के प्रमुख नवीन पटनायक ने विजय को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, विजय को CM बनने पर बधाई। उम्मीद है कि तमिलनाडु नई लीडरशिप के नेतृत्व में और ऊंचाइयों पर पहुंचेगा और तेजी से विकास करेगा।

मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद विजय पहली बार सचिवालय पहुंचे, जहां पुलिस ने उन्हें औपचारिक 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद, तमिलगा वेट्री कड़गम (TVK) के प्रमुख सी. जोसेफ विजय पहली बार एक जनसभा को संबोधित कर रहे हैं।

### सीएम बनते ही ...

CM विजय ने अपने पहले संबोधन में कहा कि वे किसी शाही खानदान से नहीं हैं, लोगों ने ही उनका स्वागत किया और उन्हें स्वीकार किया। इसलिए झूठे वादों से लोगों को धोखा नहीं देंगे। CM विजय ने बताया कि पिछली DMK सरकार पर राज्य पर 10 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लादने का आरोप लगाया।

### दो अल्ट्रासाउंड सेंटरों ...

लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। मरीजों और परिजनों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

मामले के सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर जांच की मांग बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि ऐसे सेंटरों पर नियमों के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए ताकि मरीजों को सही जांच और उपचार मिल सके।

### '9 साल में कुछ नहीं ...

सरकार एक तरफ सरकारी बजट की लूट कर रही है, वहीं दूसरी ओर आम लोगों की जेब पर बोझ डाल रही है।

अखिलेश यादव ने भाजपा पर नौकरियों में आरक्षण घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार लोगों के हक और अधिकार छीन रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) गठजोड़ से घबराई हुई है।

उन्होंने दावा किया कि पीडीए समाज भाजपा की रणनीति को समझ चुका है और एकजुट होकर हर साजिश को नाकाम करेगा। सपा सरकार बनने पर पीडीए को हक, सम्मान और न्याय मिलेगा। साथ ही गरीबों को मुफ्त इलाज और बेटियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी।

### जल जीवन मिशन...

वृक्षारोपण अभियान को भी उन्होंने "भ्रष्टारोपण" करार दिया। साथ ही स्मार्ट मीटर योजना को लेकर कहा कि इसके जरिए बिजली उपभोक्ताओं की जेब से पैसा निकालकर उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है।

## राजस्थान 5वें स्थान पर ■ मुंबई और लखनऊ पर प्लेऑफ रेस से बाहर होने का खतरा

# आईपीएल का गणित-गुजरात लगातार चौथी जीत से नंबर-2

**मुकाबला**

नई दिल्ली, एजेंसी



गुजरात टाइटंस ने शनिवार को IPL में राजस्थान को 77 रन से हरा दिया। सवाई मानसिंह स्टेडियम में मिली जीत से टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। नेट रन रेट कम होने से टीम पहले स्थान पर नहीं पहुंच सकी। वहीं, राजस्थान 5वें नंबर पर खिसक गई।

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीता। गुजरात ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 16.3 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई। 4 विकेट लेने वाले राशिद खान प्लेयर ऑफ द मैच बने। गुजरात ने मौजूदा सीजन में लगातार चौथी जीत दर्ज की। वहीं, राजस्थान को लगातार दूसरे और ओवरऑल पांचवें मैच में हार झेलनी पड़ी।

शुभमन गिल की टीम ने 11 में से 7 मैच जीते हैं और 4 हारे हैं। टीम के पास 14 अंक हैं। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे एक और जीत चाहिए।

राजस्थान ने सीजन में 5वां मैच गंवाया। उसके 11 मैचों में 12 अंक हैं। टीम अब भी 18 अंक तक पहुंचकर प्लेऑफ में जगह बना सकती है। हार्दिक पंड्या की मुंबई इंडियंस के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा है। टीम हारती है तो प्लेऑफ रेस से बाहर हो जाएगी। उम्मीदें बनाए रखने के लिए उसे अपने सभी मैच जीतने होंगे और दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। मुंबई 10 में से 7 मैच हार चुकी है और उसके 6 अंक हैं। टीम अब भी 14 अंक तक पहुंच सकती है, लेकिन इतने अंक प्लेऑफ के लिए काफी नहीं होंगे। सीजन के 51 मैचों के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासन 494 रन के साथ ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड में टॉप पर हैं। उनके साथी खिलाड़ी अभिषेक शर्मा 475 रन के साथ दूसरे और दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल 468 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

**आईपीएल में रविवार को 2 मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच दोपहर 3:30 बजे से होगा। दूसरा मैच रायपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।**

### लखनऊ हारी तो प्लेऑफ से बाहर होगी

लखनऊ का सीजन बेहद खराब रहा है। टीम 10 में से 7 मैच हारकर पॉइंट्स टेबल में 10वें स्थान पर है। अगर टीम चेन्नई से हारती है, तो वह प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। इस स्थिति में टीम अधिकतम 12 अंक तक ही पहुंच सकेगी, जो प्लेऑफ के लिए काफी नहीं होंगे। लखनऊ के पास 3 जीत के साथ 6 अंक हैं।

> **ऋतुराज गायकवाड की कप्तानी वाली चेन्नई के पास टॉप-4 में पहुंचने का मौका है। टीम अभी छठे नंबर पर है। अगर चेन्नई लखनऊ को बड़े अंतर से हराती है, तो वह राजस्थान को पीछे छोड़ सकती है। टीम के 4 मैच बाकी हैं, जिनमें 2 घरेलू मैदान पर होंगे।**

### बेंगलुरु के पास टेबल टॉपर बनने का मौका

आज के मैच में बेंगलुरु के पास टेबल टॉपर बनने का मौका है। टीम 10 में से 6 मैच जीतकर 12 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। मैच जीतने पर बेंगलुरु के 14 अंक हो जाएंगे। इतने ही अंक सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के पास भी हैं। बेहतर नेट रन रेट के कारण जीत के साथ बेंगलुरु नंबर-1 पर पहुंच जाएगी।

# आईपीएल टिकट ब्लैक करने वाला गिरोह पकड़ाया

## फ्लाइट से सभी वेन्यू पर टिकट बेचने जाते थे 3 आरोपी

नई दिल्ली, एजेंसी



8 मार्च को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के पास IPL मैचों की टिकटों और कॉम्प्लिमेंट्री पास की ब्लैक मार्केटिंग करने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है।

क्राइम ब्रांच की टीम ने दिल्ली गेट के पास 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स मैच से पहले खुद को DDCA का अधिकृत प्रतिनिधि बताकर क्रिकेट प्रेमियों को ठग रहे थे। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि ये पास अरुण जेटली स्टेडियम में पास एक पेट्रोल पंप में बिक रहे थे। पुलिस ने 54 मैच टिकट बरामद किए हैं, जिनमें 33 ऐसे कॉम्प्लिमेंट्री पास हैं जिन पर 'नॉट फॉर सेल' लिखा हुआ है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुकीम (मुरादाबाद), गुफरान उर्फ साजिद (जामिया नगर) और मोहम्मद फैसल (सीलपुर) के रूप में हुई है। ये आरोपी मुफ्त पास को 20,000 प्रति पास की भारी-भरकम कीमत पर बेच रहे थे, जबकि सामान्य टिकटों को प्रिंट रेट से दोगुने दाम पर बेचा जा रहा था। DCP संजीव कुमार यादव (IPS) ने बताया कि आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस सिंडिकेट में शामिल अन्य लोगों की पहचान के लिए जांच जारी है। अगर किसी और व्यक्ति की संलिप्तता पाई जाती है, तो उसके खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि यह गिरोह केवल दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में सक्रिय था। आरोपी फ्लाइट से उन शहरों की यात्रा करते थे जहां IPL मैच आयोजित होते थे।

# रेसलर विनेश 26 जून तक घरेलू मुकाबले नहीं खेल पाएंगी

## डोपिंग नियमों के उल्लंघन पर बैन, रेसलिंग फेडरेशन ने कहा- उनके व्यवहार से शर्मिंदगी हुई

जींद, एजेंसी

भारतीय कुश्ती महासंघ ने ओलिंपियन रेसलर विनेश फोगाट पर 26 जून तक डोमेस्टिक कॉम्पिटिशन खेलने पर बैन लगा दिया है। WFI ने शनिवार को फोगाट को अनुशासनहीनता और एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया। WFI ने शनिवार को जारी 15 पन्नों के नोटिस में लिखा कि विनेश ने संन्यास से वापसी के लिए छह महीने पहले सूचना नहीं दी। इससे WFI संविधान, यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग नियमों तथा एंटी-डोपिंग प्रावधानों का उल्लंघन हुआ।

WFI ने कहा- उनके व्यवहार से भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचा और राष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी हुई। साथ ही विनेश से चार प्रमुख आरोपों पर जवाब मांगा और पूछा कि कार्रवाई क्यों नहीं की जाए।



अगस्त 2024 में हुए पेरिस ओलिंपिक में ओवर वेट पाए जाने पर विनेश फोगाट को डिसक्वालीफाई किया गया था। तब उन्होंने कुश्ती से संन्यास लेने का ऐलान किया था। हालांकि, बाद में उन्होंने अपना फैसला वापस ले लिया। इधर, 18 दिसंबर 2025 को बेंगलुरु में हुए डोप टेस्ट में शामिल न होने पर इसी महीने 4 मई को इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी (ITA) ने विनेश फोगाट को नोटिस जारी किया था।

विनेश फोगाट ने 3 मई को WFI के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए थे। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके विनेश ने कहा था, यूपी के गोंडा में 10 से 12 मई के बीच सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट हो रहा है।

आज कुछ मजबूरियों के चलते मैं कहना चाहती हूं कि बृजभूषण शरण के खिलाफ कंप्लेंट करने वाले उन 6 विक्टिम में मैं भी शामिल हूं। मेरी गवाही भी कोर्ट में चल रही है। मेरा उसके घर (गोंडा) में जाकर कॉम्पिटीशन लड़ना मुश्किल होगा।

## गुजरात की सबसे बड़ी आईपीएल जीत ■ जडेजा ने बटलर का विकेट जेब में डाला

# वैभव सूर्यवंशी के टी-20 में सबसे तेज 100 छक्के

नई दिल्ली, एजेंसी

गुजरात ने शनिवार को राजस्थान को 77 रन से हराकर IPL इतिहास की अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की। जयपुर में खेले गए मैच में राजस्थान के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने सबसे तेज 100 टी-20 छक्के पूरे करने का रिकॉर्ड बनाया। रवींद्र जडेजा ने जोस बटलर का विकेट लेने के बाद जेब में डालने वाला खास सेलिब्रेशन भी किया।

गुजरात ने रनों के अंतर से अपनी अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की। पिछला रिकॉर्ड 62 रन का था। 12वें ओवर में रवींद्र जडेजा की गेंद पर शुभमन गिल को जीवनदान के साथ छक्का मिला। जडेजा की लेग स्टंप पर स्लॉट गेंद पर गिल ने एक घुटने पर बैठकर बड़ा शॉट खेला। गेंद डीप मिडविकेट पर शिमरॉन हेटमायर के पास गई, लेकिन वह कैच नहीं पकड़ सके और गेंद बाउंड्री पार चली गई। 14वें ओवर की दूसरी गेंद पर रवींद्र जडेजा ने जोस बटलर को डोनोवान फरेरा के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद जडेजा ने विकेट जेब में डालने का इशारा किया। दोनों के बीच 12 भिड़ंत में जडेजा ने बटलर को 3 बार आउट किया है। बटलर ने जडेजा की 66 गेंदों पर 82 रन बनाए हैं। राजस्थान की पारी के 8वें ओवर में राशिद खान ने ध्रुव जुरेल और डोनोवन फरेरा को बोल्ड किया। तीसरी गेंद पर जुरेल 24 रन बनाकर आउट हुए।



### आर्चर ने सबसे लंबे आईपीएल ओवर के रिकॉर्ड की बराबरी की

मैच का पहला ओवर राजस्थान की ओर से जोफ्रा आर्चर ने डाला। इस ओवर को पूरा करने में उन्हें 11 गेंदों लग गईं। इस ओवर में उन्होंने 4 वाइड और एक नो-बॉल सहित 18 रन दिए। यह IPL इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे लंबा ओवर भी रहा।



■ ध्रुव जुरेल का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते राशिद खान (बाएं)।

### पिंक प्रॉमिस के तहत पिंक जर्सी में उतरी राजस्थान

राजस्थान की टीम गुजरात के खिलाफ ऑल पिंक जर्सी में उतरी। टीम ने पिंक प्रॉमिस अभियान के तहत यह जर्सी पहनी। राजस्थान रॉयल्स पिछले कुछ सीजन से IPL में एक मैच पिंक जर्सी में खेलती है। यह पहल ग्रामीण राजस्थान की महिलाओं की मदद के लिए है। इसके तहत हर सिक्स पर रॉयल्स अपने स्पॉन्सर के साथ मिलकर छह घरों में सोलर लाइट लगाती है।

## मनोरंजन


## एक्शन अवतार में मस्त तलवारबाजी करती आईं नजर, जल्द हॉलीवुड डेब्यू करेंगी अभिनेत्री

# दिशा पटानी की हॉलीवुड फिल्म द पोर्टल ऑफ फोर्स का ट्रेलर जारी

**शानदार**

नई दिल्ली, एजेंसी

अभिनेत्री दिशा पाटनी बहुत जल्द हॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं। उनकी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' का ट्रेलर शुक्रवार को जारी किया गया। इस फिल्म में केविन स्पेसी, टायरेस गिब्सन और डॉल्फ लुंडग्रेन भी मुख्य भूमिका में हैं। कहानी इन दोनों समूहों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें जेसिका को 'The Chosen One' के रूप में दिखाया गया है। फिल्म की मूल कहानी के अनुसार, जेसिका दोनों पक्षों के प्रतिद्वंद्वी नेताओं की बेटी है और युद्ध और स्वयं मानवता के भाग्य का फैसला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने इंटरनेशनल प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए दिशा ने एक प्रेस नोट में कहा,₹मैं इस बेहद खास प्रोजेक्ट के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रही थी। अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट में कदम रखना रोमांचकारी और डरावना दोनों था लेकिन इस कला को निखारने का अवसर बहुत बड़ा था। अनुभवी कलाकारों के साथ काम करना अपने आप में एक सीख थी। आपको एहसास होता है कि कहानी कहने की कला भाषा और भूगोल से परे है। पर्दे पर ईमानदारी यूनिवर्सल है। मुझे हमेशा से एक्शन पसंद रहा है और अपने देश में सीखी हुई कला को वैश्विक मंच पर लाना बेहद सशक्त महसूस कराता है।





> **यह प्रोजेक्ट लाडो ओखोटनिकोव द्वारा निर्मित नए सिनेमाई ब्रह्मांड, स्टैटिगार्ड्स बनाम होलिगार्ड्स सागा की पहली कड़ी है। ट्रेलर में दिशा जेसिका के किरदार में नजर आती हैं, जो दो प्राचीन गुटों - स्टैटिगार्ड्स और होलिगार्ड्स के बीच फंसी हुई है।**

### दिशा पाटनी की आने वाली फिल्में

केविन स्पेसी द्वारा निर्देशित यह फिल्म दो दशकों से अधिक समय बाद निर्देशन में उनकी वापसी का प्रतीक है। फिल्म निर्माताओं का कहना है कि यह एक सुपरनेचुरल एक्शन-थ्रिलर है, जो दो विरोधी प्राचीन शक्तियों के बीच एक गुप्त युद्ध पर आधारित है। हॉलीवुड में डेब्यू के अलावा, दिशा आने वाले दिनों में बॉलीवुड फिल्म 'आवारापन 2' में भी नजर आएंगी।

# बॉलीवुड में अब भी पुरुषों का दबदबा : कृति सेनन

## महिला कलाकार बराबर मेहनत करती हैं, फिर भी फीस में बड़ा अंतर

नई दिल्ली, एजेंसी

बॉलीवुड में एक्टर्स की फीस और बढ़ते प्रोडक्शन कॉस्ट को लेकर लंबे समय से बहस चल रही है। अब एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर कृति सेनन ने भी इंडस्ट्री में मौजूद जेंडर पे गैप और पैट्रिआर्की पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि आज भी फिल्मों में बजट कम पड़ने पर सबसे पहले एक्ट्रेस की फीस कम की जाती है, जबकि मेल स्टार्स की फीस पर ज्यादा असर नहीं पड़ता। कृति ने GQ India से बातचीत में कहा कि बॉलीवुड में पैट्रिआर्की अब भी गहराई से मौजूद है। उनके मुताबिक, फीमेल-लीड फिल्मों को लेकर मेकर्स आज भी रिस्क लेने से डरते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि ऐसी फिल्में मेल-लीड फिल्मों जितना बिजनेस नहीं कर पाएंगी। कृति ने सवाल उठाया कि जब मेहनत दोनों कलाकार बराबर करते हैं तो फीस में इतना बड़ा फर्क क्यों होता है। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि कई बार फिल्म का बजट कंट्रोल करने के नाम पर एक्ट्रेसेस से फीस कम करने को कहा जाता है। वहीं बड़े मेल स्टार्स की फीस और उनकी डिमांड्स पर कम सवाल उठते हैं। इंडस्ट्री में बढ़ती स्टार फीस और एंटूराज कॉस्ट को लेकर पहले भी कई फिल्ममेकर चिंता जता चुके हैं। कृति ने पहले भी कहा था कि सितारों के साथ चलने वाले लोगों और दूसरी गैरजरूरी चीजों पर बहुत खर्च होता है, जबकि ध्यान फिल्म की कहानी पर होना चाहिए। उन्होंने कहा था कि किसी किरदार की जरूरत के हिसाब से खर्च समझ आता है, लेकिन कई बार लग्जरी और गैरजरूरी खर्च भी प्रोड्यूसर्स पर डाल दिए जाते हैं।



# एल्विश यादव से 10 करोड़ की रंगदारी मांगी

## दावा- लॉरेंस गैंग की 2 दिन में गोली मारने की धमकी

गुरुग्राम। यूट्यूबर एलविश यादव से लॉरेंस गैंग ने 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी है। विदेशी नंबर से उन्हें धमकी भरा मैसेज भेजा गया। एलविश अभी लाफ्टर सेफ नाम का शो कर रहे हैं। शो की शूटिंग के चलते अभी एलविश अभी गुरुग्राम से बाहर है।

पारिवारिक सदस्यों का कहना है कि आरोपी ने धमकी में कहा- 2 दिन में पैसे नहीं दिए गए तो गोली मार देंगे। मामले की सूचना पर सेक्टर 56 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इससे पहले उनके सेक्टर 56 स्थित घर पर 17 अगस्त की सुबह 6 बजे ताबड़तोड़ फायरिंग की गई थी। आरोपियों ने एल्विश के घर पर 24 गोलियां राउंड फायरिंग की थी। मामले में दिल्ली पुलिस ने 2 शूटरों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एल्विश यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि 5 मई को उनके पास विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई थी। वह उस समय कॉल रिसीव नहीं कर पाए। इसके कुछ देर बाद उन्हें विदेशी नंबर से ही एक व्हाट्सएप मैसेज आया। जिसमें धमकी भरी बातें लिखी थीं। मैसेज करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नजदीकी रणदीप मलिक बताया और 10 करोड़ रुपए की डिमांड की। यह राशि दो दिन के अंदर देने के लिए कहा गया है। ऐसा न करने पर गोली मारने की धमकी दी गई।



मामले पर एल्विश यादव के पिता रामअवतार यादव का कहना है कि एल्विश मेहनती लड़का है। अपनी मेहनत के बलबूते इस मुकाम पर पहुंचा है। गुरुग्राम में काफी पैसे वाले लोग भी रहते हैं। ऐसे तो कोई भी किसी से धमकी देकर पैसों की डिमांड कर लेगा।

## बैन होने के बावजूद लोगों ने इस पायरेटेड ऐप से डाउनलोड करके देखा

# एक-एक इंच करके 'दंगल' के बेहद करीब पहुंच रही धुरंधर 2

नई दिल्ली। रणवीर सिंह की स्पाई थ्रिलर फिल्म धुरंधर 2 एक महीने पूरा होने के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर गदर काट रही है। 19 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म की चर्चा भारत ही नहीं बल्कि पड़ोसी देश में भी हुई। बैन होने के बावजूद लोगों ने इस पायरेटेड ऐप से डाउनलोड करके देखा।

ये आदित्य धर की फिल्म का खुमार ही था कि एक्टर्स से लेकर कहानी और कास्टिंग तक इस फिल्म की हर एक छोटी-छोटी डिटेल ने खूब सुर्खियां बटोरी। वहीं अभी नई रिलीज फिल्में भूत बंगला, एक दिन और कृष्णावतारम के बीच धुरंधर 2 जिस तरह पैर जमाए हुए है वो वाकई काबिल-ए-तारीफ है।

वहीं घरेलू कलेक्शन की बात करें तो धुरंधर 2 ने एडवांस बुकिंग के बाद पेड प्रिव्यू में 43 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं ओपनिंग डे पर इसने 102.55 करोड़ रुपये जमा किए। 50 दिन बाद धुरंधर का 7वां हफ्ता 5.58 करोड़ रुपये के साथ समाप्त हुआ। वहीं अब इसके 52वें दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है। 'धुरंधर 2' एक ही भाषा में 1000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बन गई। वहीं बीते दिनों फिल्म की को-प्रोड्यूसर ज्योति देशपांडे ने धुरंधर 2 के पार्ट 3 को लेकर भी फैंस को हिंट दिया जिससे फैंस की दिलचस्पी और भी बढ़ गई है। अब ये देखने वाली बात होगी कि फिलहाल जहां आसपास अभी ऐसी कोई बड़ी मूवी रिलीज नहीं है और धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर अपना पेस बनाए हुए है ऐसे में वो आमिर खान की दंगल का रिकॉर्ड तोड़ने में कामयाब होती है या नहीं ये बड़ी बात होगी। दंगल ने 2070 करोड़ का लाइफ टाइम कलेक्शन किया था।



**धुरंधर 2 ने अभी तक 90 लाख रुपये का कलेक्शन कर लिया है। इस तरह भारत में इसकी कुल कमाई 1141.99 करोड़ रुपये हो गई है। इसके अलावा ग्रास कलेक्शन 1366.79 करोड़ रुपये पहुंच गया है।**

### कितना रहा वर्ल्डवाइड कलेक्शन?

फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 7 सप्ताह सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं और फिलहाल 52वें दिन वीकेंड की तेजी का फायदा उठा रही है। कई नई फिल्मों से कॉम्पटीशन के बावजूद, दुनियाभर में धुरंधर 2 ने 1795 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

